


दैनिक **शुभ भास्कर**

हर कदम आपके साथ ...




वर्ष -01 अंक-12 RNI UP HIN/2015/64737 पृष्ठः4 , मुल्य = 4 रूपया सोमवार, 2 जनवरी 2023


## संक्षिप्त समाचार

### डीएलएसए ने गरीब असहाय लोगो के बीच किया कम्बल वितरण

दैनिक शुभ भास्कर साहिबगंज /प्रतिनिधि

साहिबगंजः-जिला विविध सेवा प्राधिकार साहिबगंज की ओर से शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में वरीय सिविल जज सह सचिव जिला विविध सेवा प्राधिकार धर्मेंद्र कुमार के आदेशानुसार गंगा प्रसाद पूरब मध्य पँचायत एवं गंगा प्रसाद पश्चिम पंचायत के गरीब विधवा असहाय,महिलाएं तथा पुरुषों के बीच पीएलवी सुनील कुमार यादव के द्वारा कम्बल वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि बढ़ती ठंड को देखते हुए जिला विविध सेवा



प्राधिकार द्वारा गरीब असहाय लोगो को ठंड से बचने के लिए कम्बल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।मौके पर कई ग्रामीण मौजूद थे।

### अलग-अलग सड़क हादसों में तीन की मौत

**दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज**

दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज में हादसों से भरा रहा साल का पहला दिन,जिलेभर में जहां एक तरफ लोग नए साल का जश्न मना रहा था वही दूसरी ओर अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गया है।पहली घटना बहादुरगंज के लौचा का है जहां अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गया। दूसरा दिघलबैंक के तालगाछ के समीप दो बाइक की आमने सामने टक्कर में एक व्यक्ति का मौत हो गया जबकि तीसरी घटना किशनगंज के ब्लॉक चौक के पास का है जहां तेज रफ्तार कार की ठोकर से एक युवक का मौत का मामला प्रकाश में आया है।

# नए साल में लें नया संकल्प

**गौतम सुमन गर्जना/भागलपुर**

अब से कुछ घंटों बाद हम नये साल में प्रवेश कर जाएंगे। पूरे विश्व के लोग हफ्तों पहले से नव वर्ष के भव्य स्वागत की तैयारियां कर रहे हैं,नए साल के स्वागत की तैयारी में न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया के लोग जुटे हुए हैं। हर व्यक्ति अपने-अपने तरीके से उस मध्यरात्रि का गवाह बनकर जीवन के उस पल को यादगार बनाने में जुटा हुआ है।अब बस विश्व भर के लोगों को उस पल का इंतजार है, जब पूरा विश्व 2022 की भूली बिसरी यादों को पीछे छोड़ 2023 में प्रवेश करेंगे और एक दूसरे के साथ नव वर्ष की खुशियां मनाएंगे। हम सभी नए साल को अपने भविष्य के लिए,आने वाले समय के लिए शुभ मानते हैं और अपने जीवन को हर्ष और उल्लास से परिपूर्ण करने के लिए अपने ढंग से नए साल के स्वागत में जुट जाते हैं। पर क्या केवल साल बदल जाने से हमारे जीवन में बदलाव की बयार आती है?क्या दिन, महीने और साल बदलने से हम खुश रहने लग जाते हैं? क्या हमारी जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो पाता है? क्या कैलेंडर के बदलने से हम बदल जाते हैं? क्या हम नये वर्ष में कुछ नया कर पाते हैं? क्या हम अपने लक्ष्य को लेकर कृतसंकल्प हो पाते हैं? सिवाय घर के कैलेंडर बदलने के..? सिवाय नव वर्ष के भव्य समारोह,उल्लास ,जश्न,पार्टी, नाच गाने और गेट टुगेदर करने के..? हम सब नए साल की खुशियाँ मनाते हैं और इस बात



की आशा करते हैं कि आने वाला वर्ष हमारे लिए अनेकानेक खुशियां ,कामयाबी ,सफलता, अच्छा स्वास्थ्य और अच्छे परिणाम लेकर आए। नया साल एक नई शुरूआत को दशार्ता है हमें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने की सीख और प्रेरणा प्रदान करता है। पुराने साल के अपने कर्म,सफलता, असफलता,सुख ,दुःख, निराशा ,आशा कठिनाई और अच्छे बुरे परिणाम जो हमारे जीवन का हिस्सा बना, उन सब से प्रेरणा प्राप्त कर हमें नए जोश,नई उम्मीद और हौसले के साथ आगे बढ़ना चाहिए। जिस प्रकार हम पुराने साल के समापन पर दुःखी नहीं होते अपितु हम नये साल के जश्न और उसे बेहतर बनाने में तन- मन-धन से जुट जाते हैं। उसी प्रकार हमें जीवन के बीते लम्हो ं,कठिनाइयो ं, असफलताओं और पराजय को पीछे छोड़ते हुए नए और खूबसूरत कल के निर्माण में जुट जाना चाहिए। सकारात्मक ऊर्जा के साथ सकारात्मक दिशा में किया जाने वाला हमारा प्रयास हमारे जीवन में सफलता अवश्य लेकर आएगी। नए साल पर हमें एक नई ऊर्जा के साथ नया संकल्प लेना चाहिए और हर संकल्प पर खरा उतरने हेतु दृढ़ निश्चय और इच्छा शक्ति के साथ सकारात्मक पहल भी करनी चाहिए और हर संकल्प को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित होते रहना चाहिए। हमें किसी भी परिस्थिति में अपने द्वारा लिए गए संकल्प को भूलना नहीं चाहिये अन्यथा उस पर हमारा कार्य शून्य हो जाता है। हम ऐसे ही कुछ संकल्प आपको बता रहे हैं, जिसे पूरा कर आप अपने और अपनों के जीवन और दिनचर्या में बदलाव ला सकते हैं, जिससे आपके जीवन में सुख,समृद्धि,शांति,स्थिरता और कामयाबी अवश्य आएगी। समय का सही दिशा में समुचित उपयोग :- समय का सही,समुचित और सही दिशा में सकारात्मक उपयोग किसी व्यक्ति की सफलता और असफलता का सूत्रपात होता है।समय बहुत बलवान है, यह हम सब जानते हैं। अपितु हम उसे अत्यंत हल्के में ले लेते हैं। हम समय के महत्व को नहीं समझते और अपने जीवन के महत्वपूर्ण समय को ऐसे ही फालतू के कामों में व्यर्थ करते हैं। समय का सदुपयोग किसी भी बड़े से बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने में मददगार सिद्ध होता है। इसलिये हमें जीवन के हर पल और हर लम्हें का सही उपयोग करना चाहिए। ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा :- हम बचपन से ईमानदारी का पाठ पढ़ते हैं और इसी पाठ के साथ बड़े हो जाते हैं,परंतु समय के साथ- साथ हम स्वंय इस पाठ को भूल जाते हैं। ईमानदारी और और अपने कर्तव्य के प्रति हमें निष्ठावान होना चाहिए। ईमानदारी से कि ों अपने कर्तव्य के प्रति भी उत्तरदाई एवं जिम्मेदार बने रहना चाहिए। दोनों ही जीवन के किसी लक्ष्य को भेदने में सहायक सिद्ध होगी। लक्ष्य के साथ आगे बढ़ें :- हर व्यक्ति का जीवन लक्ष्य पर आधारित होना चाहिए, बिना लक्ष्य के हमारा जीवन व्यर्थ है। छात्र - छात्राएं हों,नौकरी-पेशे वाले हों,किसान हों, दैनिक वेतन भोगी हों अथवा व्यापारी हों,हर किसी को एक निश्चित लक्ष्य के साथ आगे बढ़ना चाहिए। कठिन परिश्रम :- कठिन परिश्रम हर मुश्किल से मुश्किल लक्ष्य को आसान और सरल बना देता है। कड़ी मेहनत का कोई मोल नहीं, इंसान सफलता चाहता है परन्तु परिश्रम से भागता है। कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी है। नकारात्मकता से दूर रहेंः- आज के अत्यंत उलझा देने वाली बिजी दैनिक जीवन में हर व्यक्ति नकारात्मक भाव लिए जीवन जी रहा है। सभी अपने -अपने क्षेत्र में एक दूसरे से जल्दी आगे निकलने की इच्छा लिए काम कर रहे हैं और वो अपने घर- परिवार, रिश्ते- नाते, दोस्त-यार,मां - बाप, अच्छा मकान,अच्छी गाड़ी, एक दूसरे से अच्छा खाना,पहनना और दिखना और अन्य सभी प्रकार के सुख सुविधाएँ प्राप्त करने की होड़ में जीवन के मूल उद्देश्य भूल जाते हैं और नकारात्मकता उनके घर कर जाती जो नित बढ़ती जाती है और हम कई प्रकार के समस्याओं में घिरते चले जाते हैं।

## एक नजर

### सीएस ने किया औचक निरीक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर ।मनीष बरणवाल। जामताड़ा।**

नए वर्ष को देखते हुए सदर अस्पताल में कार्यरत कर्मी के नदारद होने की सूचना मिलने पर सिविल सर्जन डॉ एसके मिश्रा के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दरमियान सदर अस्पताल प्रबंधक से अस्पताल में उपस्थित कर्मियों के बाबत पूछताछ की गई। साथ ही उपस्थिति पंजिका की भी जांच की गई। मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर एस के मिश्रा ने कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति को देखने के लिए औचक निरीक्षण किया जा रहा है ताकि कौन स्टाफ है और नहीं है यह पता चल सके। अगर कोई बिना छुट्टी स्वीकृत के कर्मी गायब मिलते हैं तो उनके विरुद्ध सॉ काज जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया की दो स्वास्थ्य कर्मी ऐसे मिले हैं जो बिना छुट्टी स्वीकृत कराए सदर अस्पताल से गायब हैं। जिनके विरुद्ध सोकाज किया जाएगा। मौके पर डॉ मंजुला मुर्मू, स्वास्थ्य कर्मी मधुसूदन, विजय कुमार, बिना वॉलेट सहित अन्य लोग उपस्थित थे।




# प्रखंड में केक काटकर युवाओं ने मनाई नए साल का जश्न, नए साल के स्वागत साथ आतिशबाजी भी किया

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर,छातापुर, सुपौल**



जिले के छातापुर प्रखंड में युवाओं ने बड़ों के मार्गदर्शन में शनिवार की रात साल 2022 की विदाई व नए साल 2023 के स्वागत में कार्यक्रम आयोजित किये। जिसके तहत नए साल का जश्न अलग अंदाज में धूमधाम से मनाया। शनिवार की रात के 12 बजते ही युवाओं ने 501 दीप जलाकर बीते साल 2022 को विदाई दी। वही केक काटकर जोर शोर से नए साल 2023 का स्वागत किया। इक्स दौरान युवाओं ने आतिशबाजी कर हैप्पी न्यू ईयर की एक दूसरे को बधाई दी। इस दौरान सुरीली धून में युवाओं ने नए साल से जुड़े गीतों की रिकॉर्डिंग बजाकर उनपर थिरकते भी दिखें। छातापुर मुख्यालय बाजार के वार्ड 6 स्थित निर्मल स्टूडियो के सामने की बाई पास की उच्चीकरण हो रही न्यू सड़क पर युवाओं ने न्यू ईयर सेलिब्रेशन कार्यक्रम आयोजित किये थे। जिसमें स्थानीय लोगों ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया। छातापुर के पत्रकार संजय कुमार भगत व व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरी शंकर भगत के नेतृत्व में छातापुर के युवाओं ने यह कार्यक्रम आयोजित किये। जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं की टोली भी शामिल हुए। कार्यक्रम में केक काटकर नए साल के हुए स्वागत के बाद युवाओं की टोली ने सभी शामिल लोगों का मुंह मीठा कॉफी व मिठाई युक्त अल्पाहार से करवाई। न्यू ईयर 2023 सेलिब्रेशन के इस कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर पत्रकार संजय कुमार भगत, राहुल कुमार टिंकु, राहुल कुमार गुड्ड, पत्रकार सोनू कुमार भगत, रितेश कुमार भगत, रौशन कुमार, रौशन राज, रंजीत कुमार, अक्षय कुमार, अमित कुमार ठाकुर , बॉबी कुमार सक्रिय बने हुए थे। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार निर्मल कुमार सुशील, शंकर कुमार ठाकुर, राजेश कुमार जैन, राजू भगत, हर्ष कुमार, कुक्कू कुमार, तेजस कुमार आदि थे।

# झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा एवं भाकपा माले पार्टी के द्वारा बामुनभुई शाखा कमेटी की हुई बैठक

**दैनिक शुभ भास्करअब्दुल रज्जाक की रिपोर्ट।**



कुंडहित (जामताड़ा):रविवार को झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा एवं भाकपा माले पार्टी द्वारा गायपाथर पंचायत अंतर्गत बामुनभुई शाखा कमेटी की बैठक हुई। बैठक में भाकपा माले के प्रखंड सचिव सह झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा के जिला सचिव सोमलाल मिर्धा मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में आगामी 15 से 20 फरवरी 2023 को पटना में होने वाले 11वें महाधिवेशन की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। साथ ही 9 जनवरी 2023 को कमरेड सुखदेव प्रसाद का स्मरण सभा एवं 16 जनवरी2023 को पूर्व विधायक महेंद्र सिंह का संकल्प सभा प्रखंड कार्यालय में मनाने को लेकर भी चर्चा की गई। मौके पर भाकपा माले के प्रखंड सचिव सह झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा जिला सचिव के सोमलाल मिर्धा ने कहा कि पार्टी में 200 नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य मिला है जिसको लेकर हर पंचायत स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा पार्टी के 11वा महाधिवेशन के मौके पर 15 फरवरी को रैली निकाली जाएगी। उन्होंने फासीवाद हटाओ लोकतंत्र बचाओ महारैली में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकताओं का भाग लेने की अपील की। वहीं आगामी आंदोलन के मद्देनजर सभी कार्यकताओं को महाधिवेशन एवं महारैली में भाग लेने का संकल्प दिलाया गया। मौके पर बामन भाई ब्रांच सचिव लखीश्वर हंसदा ,भीम बावरी, तुलसी हंसदा, रोबोनी बेसरा, कल्याणी बेसरा ,मोनोदि मड्डी,धिना हंसदा आशा मिर्धा, सचिन राणा, ममता राणा आदि आदि कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# गोरौल नगर पंचायत में मुख्य पार्षद बने नागेन्द्र दास व उप मुख्य पार्षद पद पर धन्वंतरी देवी जीती

**दैनिक शुभ भास्कर हाजीपुर(वैशाली)**



जिले के गोरौल नगर पंचायत में मुख्य पार्षद एवं उपमुख्य पार्षद की जीत की खुशी में कार्यकताओं ने ढोल नगाड़ों के साथ किया स्वागत।मुख्य पार्षद नागेन्द्र दास एवं उप मुख्य पार्षद धन्वंतरी देवी अपने जीत का प्रमाण पत्र लेकर जैसे ही गोरौल पहुंचे कार्यकताओं ने ढोल नगाड़ों,फूलों की माला पहनाकर कर उनका स्वागत किया तथा रथ पर बिठा कर घुमाया।वहीं मुख्य पार्षद नागेन्द्र दास, एवं उप पार्षद धन्वंतरी देवी ने क्षेत्र की जनता को धन्यवाद दिया।नगर पंचायत गोरौल में 14 वार्डों के हुए चुनाव में मुख्य पार्षद पद पर नागेंद्र दास 518 मत से विजयी हुए। वहीं उप पार्षद पद पर धन्वंतरी देवी 1014 मत से विजयी हुई।जबकि 14 वार्डों के वार्ड पार्षद में वार्ड संख्या 1 से जुली कुमारी 100 वोटों से,वार्ड संख्या 2 से कपिलदेव पासवान 1 वोट से,वार्ड संख्या 3 से अभय कुमार 38 वोट से,वार्ड संख्या 4 से रईसा खातून 68 वोट से,वार्ड संख्या 5 से सुजीत कुमार 162 वोट से,वार्ड संख्या 6 से विकास कुमार लक्ष्मी 161 मत से,वार्ड संख्या 7 से अंजू देवी 306 वोट से,वार्ड संख्या 8 से बैजंती माला 188 वोट से,वार्ड संख्या 9 से मुकेश कुमार 5 वोट से,वार्ड संख्या 10 से उर्मिला देवी 19 वोट से,वार्ड संख्या 11 से चंदू साह 292 वोट से,वार्ड संख्या 12 से संतोष प्रसाद 2 वोट से,वार्ड संख्या 13 से मनीष कुमार 115 मत से एवं वार्ड संख्या 14 से अजंती देवी 206 वोट से जीत हासिल की।

# नया वर्ष मे कुशवाहा संघ ने नें मनाया पिकनिक पार्टी



**जलालपुर (सारण ) ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

जलालपुर प्रखंड अंतर्गत पियानो पोखरा पर कुशवाहा संघ ने हर साल की भाती इस साल भी लिटी चोखा पार्टी का आयोजन किया गया । हर्षोल्लास से साथ लोगो नें नया साल मुबारक , हैपी न्यू ईयर, बोलकर एक दुसरे को बधाई व शुभकामनाएं दिए वही आज कुशवाहा संघ के सभी सदस्यों ने नया साल मे जश्न मनाया। वहीं मौके पर पिकनिक में शामिल मुखिया ओमप्रकाश कुशवाहा , तारकेश्वर कुशवाहा, डॉ. अनिल कुशवाहा, श्यामसुंदर कुशवाहा, अनिल कुशवाहा, वीरेंद्र कुशवाहा, राजगिरी कुशवाहा, अन्य सैंकड़ो लोग शामिल रहे।

# नए साल की खुशियां मातम में बदली, सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत




**दैनिक शुभ भास्कर /अनिल कुमार**

मोहनपुरः नए साल का जश्न पल भर में मातम में बदल गया बताया जा रहा है कि देवघर गोड्डा मुख्य मार्ग जमुनिया के पास रविवार को एक बिलोरो और बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई जिसमें बाइक सवार व्यक्ति मौके पर ही मृत्यु हो गए ।जबकि एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर घायल व्यक्ति को आनन-फानन में देवघर सदर अस्पताल पहुंचाया गया ।जहां उनका इलाज किया जा रहा है बताते चलें कि बीते दिन मोहनपुर की सड़कें हर रोज लोगों की जिंदगी छीन रही है।

# नवनिर्वाचित महापौर में शहर भर में निकाली आभार यात्रा

**दैनिक शुभ भास्कर गौतम सुमन गर्जना**



भागलपुर : महापौर पद पर जीतीं डॉ०वसुंधरा लाल ने लोगों का आभार व्यक्त करने के लिए शहर भर में आभार यात्रा के रूप में विजयी जुलूस निकाला.इस जुलूस ने पूरे शहर का भ्रमण किया.इस दौरान वसुंधरा लाल ने लोगों का आभार जताया और कहा कि जनता ने अपना वादा निभा दिया और अब उनकी बारी है. जुलूस अपराह्न 3 बजे वसुंधरा लाल के पटल बाबू रोड स्थित क्लिनिक से आरंभ हुआ, जिसका नेतृत्व उनके पति डॉ. बिहारीलाल कर रहे थे. यह आभार यात्रा शहीद भगत सिंह चौक,खलीफाबाग चौक, वेराइटी चौक,स्टेशन चौक होते हुए लोहिया पुल पहुंची.फिर यहां से दक्षिणी क्षेत्र के मोजाहिदपुर,गुड़हट्टा चौक, बाल्टी कारखाना चौक, अलीगंज,बागबाड़ी होते पुनः पटल बाबू रोड स्थित आकर समाप्त हो गई.इस दौरान कई जगहों पर कार्यकताओं ने वसुंधरा लाल का स्वागत किया. डॉ०वसुंधरा ने कहा कि जिस तरह आप लोगों ने मुझ पर विश्वास कर यहां तक लाया है, ठीक उसी तरह मैं भी आपके विश्वास पर पूरी तरह से खड़ा उतरने की कोशिश करूंगी.अब काम करने की मेरी बारी है. वादा करती हूं कि मैं इस विकास के प्रति कर्तव्यनिष्ठ बनी रहूंगी. काली पूजा महारानी केंद्रीय महासमिति के अध्यक्ष ब्रजेश शाह,चेंबर के पूर्व उपाध्यक्ष जगदीशचंद्र मिश्र पप्पू,ओम भास्कर,नरेश साह, दीपक साह,दीपक चौहान, कुणाल सिंह,जयजीत दत्ता आदि समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए. पटल बाबू रोड पर एक घंटे तक लगा जाम : विजयी जुलूस की वजह से दिन के तीन बजे के बाद पटल बाबू रोड में एक घंटे तक जाम लगा रहा. लोहिया पुल की ओर से ट्रैफिक पुलिस ने कुछ देर के लिए गाड़ियों को पटल बाबू रोड की ओर जाने से रोक दिया. इस कारण सैकड़ों गाड़ियां जाम में फंसी रही.करीब एक घंटे के बाद विजय जुलूस खत्म होने के बाद धीरे-धीरे जाम खत्म हुआ.इस दौरान राहगीरों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा.ट्रैफिक पुलिस को भी इस जाम से निपटने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

# सुपर स्पेशियलिटी में गंभीर बीमारियों का होगा इलाज

**दैनिक शुभ भास्कर गौतम सुमन गर्जना**



भागलपुर : नए साल में शहरवासियों को सेहत सुधारने से लेकर मनोरंजन तक की खास सुविधा मिलेगी.सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का तोहफा मिलेगा.200 करोड़ की लागत से बरारी रोड में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बनकर तैयार हो गया है.भवन का निर्माण त्रिवेणी कंट्रक्शन की ओर से किया गया है.पांच एकड़, यानी 17 हजार 684 वर्गफीट में 98 करोड़ रुपए की लागत से अस्पताल के भवन का निर्माण अंतिम चरण में है. उपकरणों व अन्य संसाधनों की खरीद की भी प्रक्रिया चल रही है. यह भवन सात फ्लोर का है.इसमें सुपर स्पेशियलिटी विभागों के अलावा एमआरआई,सीटी स्कैन, एक्स-रे और अन्य उपकरणों के लिए कमरों बनाए गए हैं. यहां नेफ्रोलॉजी,यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी,न्यूरो सर्जरी, कार्डियोलॉजी,ट्रामा वार्ड,वरीय नागरिकों के लिए जेरिएट्रिक्स विभाग का निर्माण चल रहा है. विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मरीजों का इलाज करेगी.सभी विभागों में आधुनिक उपकरण लगाए जाएंगे.ट्रॉमा वार्ड का निर्माण विशेष तरह से होगा, ताकि दुर्घटना में घायलों का इलाज तुरंत हो सके.इसके साथ ही एमआरआई,सिटी स्कैन,अल्ट्रासाउंड,एक्स-रे, पैथोलॉजिकल टेस्ट होगा. साथ ही एक फ्लोर पर एक बीमारी के इलाज,ऑपरेशन थियेटर और इंडोर वार्ड होगा. 8 हाईटेक ऑपरेशन थियेटर की 24 घंटे लोगों को मिलेगी सुविधा : सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में 40 अति दक्षता वाले बेड मरीजों के लिए लगाए जाएंगे.इसमें आठ हाइटेक ऑपरेशन थियेटर अलग-अलग ब्लॉक में होंगे. इसमें नेफ्रोलॉजी,कॉर्डियोलॉजी, कार्डियोथेरिक सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, यूरोलॉजी, ट्रॉमा और इमरजेंसी मरीजों के लिए अलग से विभाग बनेंगे.यहां मरीजों के लिए 24 घंटे इमरजेंसी की सेवा होगी. इन जिलों के मरीजों को सुपर स्पेशियलिटी का मिलेगा लाभ भागलपुर,मुंगेर,जमुई,पुर्णिया,कटिहार, लखीसराय,बांका, अररिया, किशनगंज, खगड़िया,सहरसा,सुपौल, मधेपुरा,झारखंड के गोड्डा, देवघर,साहेबगंज,दुमका और बंगाल के सिलीगुड़ी इलाके से सटा हिस्सा मेडिकल कॉलेज अस्पताल पर ही अभी निर्भर है.सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल शुरू होने से उन जिलों के मरीजों को फायदा मिलेगा।

# शादी के लिए छेका देकर टेम्पू से लौटते समय रविवार के शाम पालीगज महवलीपुर के बीच चकिया गांव के पास बदमाशों ने मारपीट कर ढ़ा

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता/पालीगंज**



दर्जन लोगों को घायल कर महिलाओं से गहना छीन लिया। पुलिस ने घायलों के इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती कराया। गम्भीर स्थिति में पटना रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार अरवल जिले के मेहंदीया थाने के लोदीपुर गांव निवासी ढोंढा पासवान अपनी लड़की की शादी के लिए छेका करने के लिए शनिवार को पटना जिले के ब्यापुर थाना के बांखभथेरी गए थे। छेका के कार्य करते शाम हो गया। शाम को कुहासा हो जाने के कारण नैबतपुर थाने के चैनपुरा दरियापुर में अपने रिश्तेदार के यहां ठहर गए। रविवार को अपने गांव लोदीपुर टेम्पू से लौटने के दौरान जैसे ही वे पालीगंज के अरवल टेम्पू स्टैण्ड पहुंचे की एक अनजान ब्यक्ति ने जबरदस्ती टेम्पू मे बैठना चाहा।मना करने पर वह गालीगलौज करते हुए मारपीट करने लगा। ढोंढा चौधरी किसी तरह वहाँ से टेम्पू लेकर जाने लगा तो अनजान बदमाश ने टम्पू का शीशा फोड़ दिया। चालक ने टेम्पू लेकर जैसे ही चकिया गांव के पास पहुचा तभी वह अपने साथियों के साथ टेम्पू पर इट पत्थर से हमला कर दिया। अचानक हुये हमले में चालक ने संतुलन खो कर पलट गया। बदमाशों में टेम्पू सवार यात्रियों के साथ मारपीट करते हुए राजमणि देवी के कान में पहने सोने की बाली व मंगलसूत्र छीनकर भाग गए। मारपीट में ढोंढा चौधरी पिता स्वर्गीय सोहराई चौधरी उम्र 50 वर्ष राजेश्वर चौधरी पिता ढोंढा चौधरी उम्र 27 वर्ष ,धनवंती देवी पति ढोंढा चौधरी उम्र 50 वर्ष, राजमणि देवी पति राजेश्वर चौधरी, को गम्भीर चोटे लगी, मानो देवी पति राजू चौधरी, अवधेश चौधरी पित्ता ढोंढा चौधरी,अमरजीत चौधरी, तथा लड़की दौलती कुमारी के साथ काफी मारपीट किया गया था। सभी गम्भीर रूप से घायलों को पालीगंज पुलिस ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पालीगंज में इलाज के लिए लेकर आये।

जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। राजमणि देवी ने बताया की घटना की लिखित सूचना पालीगंज थाने में दे दी गई है। घटना की पुष्टि करते हुए थाना अध्यक्ष के कहा की प्राप्त आवेदन के आधार पर मामले की जांच कीज रही है।

# नववर्ष की पिकनिक मनाने के लिए दिनभर नदी किनारे जुटे रहे

**बांका/कटोरिया से संवाददाता श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट**

बांका/कटोरिया जयपुर के नदियों के किनारे व जंगलो मे खट्टी-मीठी यादों के साथ लोगों ने 2022 को अलविदा कहते हुये नयी उम्मीद व नया जोश और उमंग के साथ 2023 में प्रवेश करने कि खुशी मे पिकनिक मनाये गये हैं। नववर्ष के आगमन पर लोगों ने अलग-अलग अंदाज में खुशियां मनायी। कोई घर से बाहर निकल कर पिकनिक मनाया, तो किसी ने अपने घर में स्वादिष्ट भोजन बनाकर अपने दोस्तों व रिश्तेदारों के साथ नये साल का आनंद उठाया। नववर्ष को लेकर कटोरिया, आनंदपुर व सुइया क्षेत्र के लोगों ने जहां पिकनिक स्थलों पर जाकर नववर्ष का आनंद लिया, तो वहीं ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी नववर्ष के अवसर पर पिकनिक मनाने से पीछे नहीं रहे। बच्चों ने भी अलग-अलग टीम बनाकर गांव के समीप ही पोखर व तालाब के किनारे जाकर नये साल के मौके पर पिकनिक मनाते दिखे।गरुआ नदी किनारे व जमुनीया नदी किनारे जंगल में मालवथान के नवयुवको द्वारा खुद से स्वादिष्ट भोजन तैयार कर पिकनिक मनाये ।जिनमे सामिल चुनचुन यादव,मिथिलेश यादव,संजय यादव,विभाश यादव,बीरेन्द्र यादव ओर भी ग्रामीण नवयुवको की अलग-अलग टोली मे मौजूद थे।वही कटोरिया के सुड़ियाझाझा, लक्ष्मीपुर डैम के किनारे मे प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी लोग दूर-दूराज से आकर नव वर्ष का स्वागत व पिकनिक मनाया। क्षेत्र के सबसे प्रसिद्ध पिकनिक स्पाट झझबा पहाड़ पर इस साल भी नव वर्ष के अवसर पर पहुंचकर अपने हाथों से स्वादिस्ट व्यंजन तैयार किया। अपने दोस्तों के साथ नये साल की खुशियां मनायी।सभी ग्रामीण क्षेत्र के युवकों के द्वारा पिकनिक के साथ ही रविवार को दिनभर मोबाइल पर नये साल का बधायी संदेश का सिलसिला दिनभर चलता रहा।

# कुमारी धर्मशीला मुख्य पार्षद व सरिता कुमारी उप मुख्य पार्षद बनी

**दैनिक शुभ भास्कर हाजीपुर(वैशाली)**

जिले के नगर पंचायत जन्दाहा में पहली बार "गोतनी" ने किया कब्जा।मुख्य पार्षद पद पर कुमारी धर्मशीला व उप मुख्य पार्षद पद पर सरिता कुमारी ने जीत हासिल की।मुख्य पार्षद पद पर कुमारी धर्मशीला ने 3192 वोट हासिल किए।जबकि इनको जबरदस्त टक्कर देते हुए इनके धुर विरोधी उम्मीदवार डौली ने 2621 वोट हासिल किए।वहीं उप मुख्य पार्षद पद पर सरिता कुमारी ने 4679 वोट हासिल किए।जबकि इसी पद पर चिंतु रानी ने जबरदस्त टक्कर देते हुए 1672 वोट हासिल किए।वहीं मुख्य पार्षद पर मीता कुमारी 1959 वोट लाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।जबकि उप मुख्य पार्षद पद पर शोभा कुमारी 1525 वोट लाकर तीसरे स्थान पर रहीं।इसके साथ नगर पंचायत जन्दाहा में पहली बार हुए चुनाव में यहां की जनता ने जबरदस्त जनमत देकर पहली बार अरनियां पंचायत के ही पूर्व मुखिया रहे राजद नेता दिलीप राय की पत्नी कुमारी धर्मशीला को मुख्य पार्षद पद पर पहली बार में ही जबरदस्त वोटों से जीत दिलाई।कुमारी धर्मशीला इससे पूर्व अरनियां की मुखिया रह चुकी हैं और जनता की सेवा कर लोगों के दिलों पर राज कर चुकी है।जिसके नतीजे में अरनियां और जन्दाहा पंचायत को मिलाकर बनाए गए नगर पंचायत की जनता ने एक बार फिर नगर पंचायत की बागडोर कुमारी धर्मशीला को सौंप दिया है।इनकी जीत से जनता में खुशी की लहर है।जीत की खबर मिलते ही नगर पंचायत क्षेत्र में पटाखे फूटे,मिठाईयां बंटी।वहीं जीत की बधाई देने का सिलसिला चलता रहा।जबकि कुमारी धर्मशीला ने जीत का सर्टिफिकेट हासिल करने के बाद हाजीपुर से लौटकर बैंड बाजा के साथ जीत का जश्न मनाया और पूरे क्षेत्र में जुलूस निकाला।वहीं उप मुख्य पार्षद पद पर जबरदस्त जीत दर्ज करने वाली सरिता कुमारी भी इससे पूर्व में जन्दाहा पंचायत से पंचायत समिति सदस्य के पद पर सेवा कर सभी जनता को अपना बना चुकी हैं।जिसके कारण ही पहली बार में ही नगर पंचायत की जनता ने इन्हें उप मुख्य पार्षद पद पर सबसे अधिक वोट 4679 देकर ऐतिहासिक जीत दर्ज कराया।यह युवा समाजसेवी विजय कुमार राय की पत्नी हैं।मजे की बात है कि दोनों पद पर जीत दर्ज करने वाली उम्मीदवार एक दूसरे की गोतनी हैं।राजद नेता व अरनियां पंचायत के पूर्व मुखिया दिलीप राय व विजय कुमार राय दोनों भाई हैं तथा ये दोनों प्रसिद्ध भूतपूर्व मुखिया स्वर्गीय राम सागर राय के पोता हैं और जीतने वाली दोनों बहू हैं।सीधे तौर पर यूं कहें तो दोनों पद पर एक ही घर की दो बहू ने कब्जा कर लिया है।इन दोनों की जीत से महनार विधानसभा के पूर्व विधायक व जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा को जोर का झटका धीरे से लगा है।क्योंकि इनके काफी करीबी मित्र अरनियां के पूर्व मुखिया विकास कुमार के भाई की पत्नी डौली को मुख्य पार्षद पद पर कुमारी धर्मशीला ने जबरदस्त तौर पर परास्त कर दिया।जबकि उप मुख्य पार्षद पद पर भी कुशवाहा के करीबी उम्मीदवार की हार हुई है।वहीं नगर पंचायत जन्दाहा के कुल 14 वार्ड पार्षद पद पर जीतने वाले की सूची इस प्रकार है। जिनमें वार्ड 1 से अनिल कुमार दास वार्ड 2 से राम विवेक झा वार्ड 3 से फुल कुमारी देवी वार्ड 4 से विनोद कुमार चौधरी वार्ड 5 से मदीना खातून वार्ड 6 से बबीता देवी वार्ड 7 से दिलीप महतो वार्ड 8 से विमला देवी वार्ड 9 से अमृता देवी वार्ड 10 से दीपक कुशवाहा वार्ड 11 से संतोष कुमार वार्ड 12 से पूजा कुमारी वार्ड 13 से मोहम्मद नूर आलम वार्ड 14 से टिंकल देवी वार्ड पार्षद पद से चुनाव जीत गए हैं।



# तरल यूरिया के बारें में बता उन्हें अपनाने को ले किसानों को किया गया नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक



**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर,छातापुर, सुपौल**

जिले के छातापुर प्रखंड में सबेरा जन उत्थान सामाजिक संस्थान पटना के कलाकारों द्वारा इफको के सौजन्य से लालगंज पंचायत के प्राइमरी स्कूल में नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। जिसके तहत किसानों को इफको के नए उत्पाद इफको नेनो यूरिया तरल के बारें में विस्तृत रूप से बताया गया। नुक्कड़ नाटक इफको के क्षेत्रीय प्रतिनिधि मोहित भूषण तथा एस एफ ए मण्डलेश कुमार के नेतृत्व में कलाकारों द्वारा सम्पन्न किया गया। मौके पर पैक्स अध्यक्ष रंजीत कुमार रमण समेत बड़ी संख्या में स्थानीय किसान थे। नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देने वाले कलाकारों में सुजीत कुमार उमा, आदर्श कुमार, संजय कुमार यादव, सुजीत कुमार, सन्नी सत्या, शोभा सिंह, लाडली राय, भोलानाथ शर्मा आदि शामिल थे।

# सोहटा के कलौनी में पौधा रोपण कर पर्यावरण आंदोलन के सदस्यों ने मनाई नव वर्ष

**ब्यूरो /दैनिक सुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**



जिले के छातापुर प्रखंड में नव वर्ष के अवसर पर पर्यावरण सांसद सह ट्रीमेन रामप्रकाश रवि व पर्यावरण संरक्षण आंदोलन के सदस्यों द्वारा शिव मंदिर कलौनी सोहटा में पौधारोपण किया गया। जबकि नए साल के मौके पर कलौनी मन्दिर में पूजा करने आये 151 शिव भक्तों के बीच कटहल, अमरूद, बेल, नीम समेत अन्य फलदार एवं औषधीय पौधों का वितरण कर विश्व शांति हेतू पर्यावरण संरक्षण आंदोलन के सदस्यों ने प्रार्थना किया । इसके साथ ही पर्यावरण सांसद श्री रवि अपने पंचायत डहरिया के कई स्थानों पर भी पौधारोपण कर सभी ग्राम वासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए पंचायत को स्वच्छ एवं भरा भरा बनाने हेतु उपस्थित ग्रामवासियों से नम्र निवेदन किया। मौके पर उपस्थित डहरिया पंचायत के मुखिया संजीत चौधरी द्वारा बच्चों के बीच टाफी का वितरण किया गया। मुखिया श्री चौधरी ने भी पंचायत वासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि केवल वर्ष बदला है हमारी चुनौतियां एवं समस्या नहीं बदली है। हमें मिलकर पंचायत सहित देश को स्वच्छ, सुन्दर एवं समृद्ध बनाने हेतू कार्य करना होगा। कहा कि वैश्विक हित के उद्देश्य से निश्वार्थ पौधा रोपण कार्य में हम सभी मिलकर श्री रवि के कार्यों में योगदान दें। जिससे संसार को ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से निजात मिल सके। मौके पर नागमणि पाण्डे, संजय कुमार, मुकेश कुमार , मोहित कुमार आदि थे।

# माया रूपी मकड़जाल से मुक्त होकर सत्संग में जाने से ही मानव का होगा कल्याण : महंथ बेचन साहब

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर,छातापुर, सुपौल**


जिले के छातापुर सदर पंचायत के वार्ड 10 व 13 में रविवार को सार्वजनिक युवा कमिटी के सौजन्य से जितिया मेला ग्राउंड पर नए साल को ले एक दिवसीय कबीरमत सत्संग सह भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें युवा कमिटी के सदस्य व स्थानीय आमजनों ने बढ़ चढ़ सहयोग प्रदान किया। एक दिवसीय सत्संग सह भंडारा का आयोजन हुआ। प्रवचन कार्यक्रम में मुख्य प्रवचन कर्ता के रूप में संत ध्यानी दास, महंथ बेचन साहब आदि शामिल हुए है। प्रवचन कार्यक्रम के दौरान महंथ बेचन साहब ने कहा कि माया रूपी मकड़जाल से मुक्त होकर संतों के शरण में जाने से ही मानव का कल्याण होगा। उन्होंने कहा कि सन्त के संग को ही सत्संग कहा गया है। इससे जाकर केवल संतों की वाणी सुनने मात्र से मानव सद्मार्ग पर चलने हेतु अग्रसर होते है। उन्होंने कहा कि सद्मार्ग पर चलने से ही मानव रूपी उक्त तन के उद्देश्यों की पूर्ति होगी। संत ध्यानी दास ने कहा कि आज लोग अध्यात्म से विमुख हो रहे हैं। यह मानव जीवन के लिए यथोचित नहीं है। लोग सतसंग में आने से कतराते हैं। संतों की संगति से दूर भागते हैं। ऐसे भटके हुए लोगों को परमात्मा कभी नहीं मिल सकते हैं और न ही उन्हें शांति की प्राप्ति हो सकेगी। उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि मां पिता का अनादर करने वाले, मत्स्य, मांस को खाद्य पदार्थ समझने वाले, झूठ, चोरी, नशा, हत्या, व्यभिचार करने वाले मनुष्य संसार रूपी माया जाल में ही जकड़ कर रह जाएंगे। उन्होंने सतसंग में आए हुए लोगों को रामायण, भगवद गीता सहित विभिन्न वेद पुराणों में वर्णित उपदेश एवं श्लोकों को विस्तारपूर्वक समझाते हुए अध्यात्म की ओर लौटने की शिक्षा दी। उन्होंने कहा कि संतों ने जनकल्याण के लिए सतसंग की व्यवस्था की। कहा जिसके तहत लोगों को सद्ज्ञान देने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने लोगों को दहेज और बाल विवाह, नशा, चोरी आदि पंच पाप कर्मों से अलग रहने की बात कहते हुए कहा कि ऐसे पापों से मानव को बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान शंकर और ब्रह्मा जी का संवाद है कि ब्रह्मा ने कहा कि हे भगवान शंकर जीव का कल्याण कैसे होगा, भगवान शंकर ने कहा कि हे ब्रह्मा जी इसके लिए कोई योग को अधिक बताते हैं, तो कोई ज्ञान को विशेष बताते हैं, परंतु मेरा मानना है कि योग के बिना ज्ञान और ज्ञान के बिना योग अधूरा है। इसलिए मोक्ष की प्राप्ति पाने के इच्छा करने वाले जीवात्मा के लिए योग और ज्ञान दोनों का होना जरूरी है। योग का अर्थ है जोड़ना और ज्ञान का अर्थ होता है जानना, पहले जानना आवश्यक है। जबकि डहरिया के संत सीता राम दास ने कहा कि 84 लाख योनियों में भटकाव के बाद ये मानव शरीर लोगों को मिला है। इसलिए इसे सार्थक बनाने को लेकर सभी अपने दैनिक कार्यों का निर्वहन करते हुए प्रभु भक्ति, स्तुति प्रार्थना, सत्संग प्रवचन में भी नित्य थोड़ा भी समय देने का कार्य करें। प्रवचन कार्यक्रम को कई साधु संतों ने भी सम्बोधित कर अपने सद वाणी रूपी प्रवचन के माध्यम से लोगों को भक्ति एवं जीवन के गुर रहस्यों से अवगत कराया। मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु नर नारी उपस्थिते थे।



# सदर थाना के डकहीघाट वार्ड संख्या- 05 में ताला तोड़ चोरों ने की चोरी

**मो0 नजीर/दैनिक सुभ भास्कर, सुपौल**

जिले के सदर थाना से करीब 4 किमी. की दूरी पर डकहीघाट वार्ड संख्या- 05 निवासी मो० जियाउद्दीन के घर आपसी विवाद के बाद उनके पड़ोसी ने घर का ताला तोड़ किया चोरी। मो० जियाउद्दीन एवं उनकी पत्नी नाजिया प्रवीण ने बताया कि हमलोग दिनांक : 23/12/2022 को अपने बहन के यहां चले गए थे कि हमारे घर सूना देख (1) मो० रजाउद्दीन पिता - मो० शहाबुद्दीन (2) मो० अब्दुल सलाम पिता - शयीद मियां (3) मो० शौकत तथा मो० शयीद ने मिलकर ट्रंक, गोदरेज, बक्सा आदि का ताला तोड़कर लगभग 86,000/रु0- नकदी, एक




लाख से अधिक का जेवर, जमिनी कागजात सहित अन्य कई सामान चुरा ले गए। उन्होंने बताया कि मुझे पड़ोसियों से मोबाइल फोन के माध्यम से जब पता चला तो दिनांक : 31/12/2022को मैं अपने घर लौटकर आया तो देखा कि ताला तोड़कर सारा सामान ले गया। इसकी जानकारी मैं ग्रामीणों तथा प्रशासन को दिया, मौके पर प्रशासन घटना स्थल पर पहुंच घटनाओं का निरीक्षण भी किए।

# प्रखंड के महेशपुर गांव में आपसी जमीनी विवाद और बांस काटने को लेकर हुई मारपीट

**मो0 नजीर/दैनिक सुभ भास्कर, सुपौल**

जिला अंतर्गत पिपरा थाना के महेशपुर वार्ड नंबर - 03 निवासी मो० अब्दुल गफ्फार अंसारी और समीअहमद अंसारी के बीच पुरानी जमीनी विवाद को ले, बांस काटने के क्रम में मना करने पर विपक्ष ने फरसा से मो० अब्दुल गफ्फार अंसारी को किया घायल। आवेदक अब्दुल गफ्फार अंसारी ने बताया कि दोनों पक्षों की जमीनी मामला अनुमंडल पदाधिकारी के यहां 145/17 के तहत चलती आ रही है, कि इसी दौरान दिनांक : 31/12/2022 दिन - शनिवार को समीअहम अंसारी, मुतुर्जा अंसारी,मिन्तुल्ला अंसारी, अरसद अंसारी, सहदुल्लाह अंसारी, इनायतुल्लाह अंसारी, मतीउल्लाह अंसारी, जबीउल्लाह अंसारी और नसीबुन खातुन सहित कुल 09 व्यक्तियों ने मिलकर मेरा बांस काट रहे थे कि मैं जब उनलोगों को मना किया तो वे सभी लोगों ने एकजुट होकर फरसा, लाठी इत्यादि से लेस मेरे ऊपर हमला कर दिया और फरसा से मेरे सिर पर चला दिया जिससे मैं घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा । आनन- फानन में घायलों के परिवार के लोग पिपरा उप स्वास्थ्य केंद्र ले गया, जहां से उसे सही इलाज हेतु सदर अस्पताल सुपौल भेज दिया गया।





# नए साल पर लोगों ने मंदिरों में जाकर किया पूजा अर्चना

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**

जिले के छातापुर प्रखंड में नये साल के पहले दिन रविवार को सुबह से लोग एक दूसरे को नववर्ष की बधाइयां देते दिखे। खासकर इस बार मौसम में व्यापक बदलाव रहने के बाद भी लोगों का उत्साह नए साल के जश्न मनाने को लेकर उत्सुक दिखे। दिन में शुष्क मौसम बना रहा। जिसको लेकर पूरे दिन ठिठुरन जारी रही। कोहरे के धुंध के बीच पछुवा हवा के झोंकों में भी युवा, बच्चे सभी लोगों ने मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की और नए साल में सुख, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की ईश्वर से कामना की। पूजा अर्चना को लेकर महिलाओं में खासा आस्था दिखा। छातापुर मुख्यालय बाजार स्थित शिव मंदिर, दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर समेत सोहटा पंचायत के कलौनी शिव मंदिर में भी पूजा अर्चना को लेकर भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। इधर, लोगों ने अपने मित्रों रिश्तेदारों को नए साल पर उपहार भी भेंट किए। रविवार को पूरे दिन लोग नए साल के स्वागत में लगे रहे और बढ़ी ठंड के मद्देनजर बाजार में भी खूब गुलजार रही। रविवार को दिन भरे केक की खूब बिक्री हुई।



# शॉर्ट सर्किट से एसबीआई करजाईन में लगी आग

**राजीब मिश्रा/दैनिक सुभ भास्कर,करजाईन(राघोपुर)सुपौल**

जिले के राघोपुर प्रखंड में करजाईन एसबीआई शाखा में शनिवार की देर रात बिजली के शार्ट सर्किट से लगी आग में हजारों का सामान जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि देर रात में शोर सुनकर पहुंचे लोगों ने आग बुझाना शुरू किया। सूचना पर दमकल गाड़ी भी पहुंची, तबतक स्थानीय लोग एवं करजाईन पुलिस की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। बताया जाता है कि अंदर बैंक में रंग-रोगन का कार्य चल रहा था। आग लगने के बाद आग बुझाने में अंदर काम कर रहे दो मजदूर झुलस गए। जिसे तुरंत ही बैंक प्रबंधक एवं स्थानीय थाना की मदद से एम्बुलेंस मंगवाकर उपचार के लिए भिजवाया। दोनों मजदूर खतरे से बाहर है। आग से मकान का सीलिंग भी क्षतिग्रस्त हो गया है। लोगों की तत्परता से अंदर के कमरों तक आग नहीं फैल सकी। शोर मचाने पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। तुरंत ही फायर ब्रिगेड को भी इसकी सूचना दी गई। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों एवं फायर ब्रिगेड की सहायता से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तबतक हजारों का फर्नीचर एवं अन्य सामान जलकर राख हो चुका था। बैंक प्रबंधक के द्वारा बैंक की साफ-सफाई एवं बिजली का कार्य शुरू करवा दिया गया है। ताकि लोगों को असुविधा नहीं हो।



# प्रखंड में नए साल का लोगो ने जश्न के साथ किया स्वागत

**सरोज कुमार/दैनिक सुभ भास्कर,किसनपुर, सुपौल**

जिले के किशनपुर प्रखंड क्षेत्र में रविवार को लोगों ने रंगारंग के साथ जश्न मनाते हुए नव वर्ष का स्वागत किया। शनिवार की देर संध्या से रात तक प्रखंड क्षेत्र समेत आसपास के ग्रामीणों द्वारा क्षेत्रों में रंगारंग कार्य क्रम आयोजित किया गया। रात बारह बजते ही 2022 की विदाई देते हुए 2023 का स्वागत किया। नव वर्ष के स्वागत में कुछ युवक के द्वारा डीजे बजाकर थिरकते दिखे। नव वर्ष के पहला दिन क्षेत्र में पिकनिक का दौर शुरू हुआ। खासकर कोशी क्षेत्र के नौआबाखर, बौरहा, दिघिया, दुबियाही आदि जगहों पर लोगों ने पिकनिक का आयोजन किया। पिकनिक में लोगों ने कहीं मुर्गा तो कही मटन तो कहीं सादा खाना का आयोजन किया गया। इस मौके पर ग्रामीण क्षेत्र में सत्संग प्रवचन का भी आयोजन किया। लोगों ने बड़े ही मजे से नव वर्ष का स्वागत किया। पिकनिक मना रहे रविन्द्र कुमार ठाकुर, शलेन्द्र यादव,रविन्द्र कुमार,संजय कुमार,देवाशीष कुमार,मनीष कुमार आदि लोगों ने बताया की आज का दिन बहुत ही अच्छा दिन है । आज से हमलोग नए विचार के साथ कार्य करेंगे। किसी से भी कोई भेदभाव नहीं रहेगा यही हमलोग का संदेश रहेगा।



# नए साल के अवसर पर प्रखण्ड भर में लगी रही लाखों पर्यटकों की भीड़

**संजीब यादव/दैनिक सुभ भास्कर,राघोपुर, सुपौल**

जिले के राघोपुर प्रखंड में नववर्ष के आगमन पर आज शहर के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। प्रखंड क्षेत्र के धरहरा स्थित बाबा भीमशंकर मंदिर, गणपतगंज स्थित विष्णु मंदिर में पूरे दिन श्रद्धालु पूजा-अर्चना करते रहे। सुबह में मंदिरों का पट खुलते ही श्रद्धालु गर्भगृह में प्रवेश कर पूजा-अर्चना की। ठंड के कारण सुबह में मंदिरों में श्रद्धालुओं की संख्या कम देखी जा रही थी। जैसे-जैसे कुहासा छटने लगा वैसे-वैसे श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा होती गई। बाबा भीमशंकर मंदिर में सुबह आठ बजते-बजते मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ गई। भक्तिमय संगीत से पूरा मंदिर परिसर गूंज रहा था। तो वही विष्णु मंदिर में अंदर प्रवेश के लिए मुख्यद्वार पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतार लगी थी। विष्णु मंदिर में दर्शन करने हेतु सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, अररिया सहित पड़ोसी देश नेपाल से भी लोग आ रहे थे। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए विष्णु मंदिर समिति एवं राघोपुर प्रशासन द्वारा जगह-जगह कार्यकर्ता व पुलिस बल तैनात किए हुए थे ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना न घटे। नववर्ष पर पिकनिक मनाने वाले व घूमने वाले लोगो के आवाजाही के कारण गणपतगंज बाजार से लेकर सिमराही बाजार तक सड़क पर गाड़ियां रेंगती हुई नजर आ रही थी। गणपतगंज में धरहरा रोड, दुर्गा मंदिर रोड, विष्णु मंदिर ठल106 मुख्य सड़क पर सड़क के दोनों और सुबह से लेकर शाम तक लम्बी जाम लगी रही जिस वजह से राहगीरों को चलने में काफी परेशानी हुई। हांलकि जाम से निपटने के लिए जगह-जगह पर राघोपुर पुलिस तैनात थे।



# पिकनिक मनाने को लेकर भागलपुर जिला के विभिन्न प्रखंड मे देखने को मिली भीड़

**दैनिक शुभ भास्कर भागलपुर से निबराज आलम की रिपोर्ट**



भागलपुर जिला के आसपास के क्षेत्रों में नव वर्ष मनाने को लेकर चहल पहल शुरू हो गयी है। जिसमे बाग बगिचा मे पिकनिक मनाने के लिए काफी भिड़ देखने को मिला नव वर्ष को लेकर सीमावर्ती क्षेत्र मे पुलिस एंव जवानो ने चौकसी बढ़ा दी है। वही शनिवार से लोगो ने बाजार की खरीदारी करना शुरू कर दिया था साथ ही बजार स्थित दुकानें भी सजने लगी थी बिक्रमशिला खुदाई स्थान एंव झारखंड स्थित मोती झरना महाराजपुर मे दुर -दुर से लोग आते है

# पुलिस ने छापेमारी कर शराब किया बरामद कारोबारी फरार



**दैनिक शुभ भास्कर सीवान/ दरौंदा/अनीश कुमार/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

दरौंदा पुलिस ने रविवार की देर शाम शेरही गांव मे छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब बरामद किया. एसपी शैलेश कुमार सिन्हा के निर्देश पर पुलिस ने छापेमारी कर 6 लीटर देसी शराब एवं 16 पीस फ्रूटी शराब बरामद किया गया है. पुलिस को देख मौके से चकमा देकर कारोबारी धर्मेंद्र कुमार फरार हो गया. थाना अध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने बताया कि कारोबारी के विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है. नव वर्ष के अवसर पर पार्टी मनाने के लिए शराब लाई गई थी. जहां पुलिस ने जप्त कर लिया है.

# विधायक ने धीना बाबा के समाधि स्थल पर मंदिर निर्माण का किया शिलान्यास

**दैनिक शुभ भास्कर भरगामा / अररिया**



भरगामा प्रखंड के शेखपुरा एवं सिरसिया हनुमानगंज में भी धीना बाबा के समाधि स्थल पर मंदिर निर्माण करवाने हेतु नरपतगंज के विधायक जयप्रकाश यादव ने विधिवत उद्घाटन किया। बताते चलें कि दशकों से धीना बाबा के समाधि स्थल पर नरपतगंज विधायक जयप्रकाश यादव का आना जाना लगा रहता था वही श्रद्धा भाव से पूजा पाठ भी करते आ रहे थे। स्थानीय ग्रामीण बताते हैं कि नरपतगंज विधायक किसी भी शुभ कार्य करने से पहले समाधि स्थल पर आकर नमन करते हैं पुनः अपने कार्य क्षेत्र में निकलते हैं। इस मौके पर नरपतगंज के वर्तमान विधायक जयप्रकाश यादव, अररिया जिला अध्यक्ष संतोष सुराणा, सुधीर भगत, सानू यदुवंशी, एडवोकेट संजीव कुमार यादव, रविंद्र यादव, दिलीप कुमार यादव, राजदीप यादव, बच्चू डीलर, अरुण डीलर, सिरसिया हनुमानगंज के मुखिया प्रतिनिधि कुलदीप यादव, सिरसिया हनुमानगंज के पैक्स अध्यक्ष सुरेश कुमार श्रीवास्तव, शशि भूषण यादव, विजय कुमार भारती, अरविंद यादव सरपंच, अरविंद यादव संवेदक, दिव्यम यादव,मौजूद थे। मिली जानकारी के अनुसार बर्षो से शेखपुरा निवासी दिलीप कुमार यादव के द्वारा समाधि स्थल पर समय-समय पर ध्वजारोहण करवाया जाता है एवं विधिवत पूजा पाठ भी किया जाता हैं।

# कार व ऑटो में टक्कर 4 घायल ,कार में लगी आग

**दैनिक शुभ भास्कर दरौंदा/सीवान अनीश कुमार/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**



दरौंदा थाना क्षेत्र के सिवान छपरा मुख्य मार्ग एनएच 531 पर धनौती गांव के समीप वैगनआर कार एवं टेंपो में रविवार को दोपहर के समय आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई. जिसमे टेम्पु पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल घायल हो गए । राहगीरों दौरा सभी घायलों कों एम्बुलेंस सें ईलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। डॉ जयश्री माझी ने सभी घायलों का इलाज किया.इलाज के बाद स्थिति गंभीर होते देख सिवान सदर अस्पताल चिकित्सकों नें रेफर कर दिया.घायलों की पहचान दरौंदा गांव के मनजीत माझी मिनिता देवी दशरथ माझी एवं कटवार गांव के संजय माझी के रूप में हुई है। वहीं दुर्घटना होने के बाद वैगनआर कार में अचानक आग लग गई।आग लग जाने सें कार जलकर धू-धू कर राख हो गई। घटना की सूचना मिलते ही दरौंदा पुलिस पहुंचकर जांच में जुटी है।

# नए साल के आगमन पर लोगो ने जश्न मनाया

**दैनिक शुभ भास्कर भरगामा / अररिया**



भरगामा प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाके में रविवार को लोग नए साल के आगमन पर जश्न में डूबे रहे। ठंड के बावजूद लोगों का उत्साह कम नहीं दिखा। हलाकि ठंढ का मौसम रहने के बाद दिन के गयारह बजे के बाद खिली हुई धूप लोगों को उत्साह को दोगुना कर दिया। क्षेत्र का कई बाग-बगीचा व पिकनिक स्पॉटो पर जाकर नए वर्ष 2023 का जोरदार स्वागत पिकनिक स्पॉटो पर जाकर किया ।इससे पहले सुबह होते ही क्षेत्र के लोग सबसे पहले प्रशिद्ध चंडिका स्थान , जयनगर स्थित दक्षिणेश्वरी कालिका मंदीर , महथावा बाजार स्थित दुर्गा मंदीर सहित अन्य गावो मे स्थित मंदीर मे भगवान की शरण में पहुंचकर इस नए साल के अच्छे से गुजरने की कामना की। इसके बाद लोगों ने बड़ों से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा एक-दूसरे को नए वर्ष की शुभकामनाएं दी। इधर इसको लेकर दिनभर देवालयों में काफी भीड़ लगी रही।इससे पहले रात के 12 बजते ही लोगों ने पटाखे छोडकर नए साल का आगाज किया।पूरे इलाके में मोबाइल और सोशल मीडिया के जरिए'हैप्पी न्यू ईयर'की आवाजें गूंजी ।इधर क्षेत्र के जेबीसी नहर सहित प्रखंड के कई जगहों पर लोगों ने पिकनिक का आनंद लिया। वही संख्या मे युवा जश्न मनाने उक्त स्थलो पर पहुचे । जहां नृत्य व गीत प्रस्तुत कर नववर्ष का स्वागत किया । वही महथावा बाजार , भरगामा बाजार , खजुरी बाजार , सिमरवनी बाजाल , चरैया आदि के बाजारों में काफी चहल पहल देखी गई। इन बाजारो मे खासकर मीट, मछली की दुकान में काफी भीड़ थी।इधर जेबीसी नहर पर पिकनिक मना रहे युग कुमार , प्रिस कुमार , प्रियाशु , अराध्या कुमारी , हर्ष राज , अभिनव कुमार , सहित अन्य बच्चो ने बताया कि आज उनलोगों ने नव वर्ष पर पिकनिक मनाया है, लेकिन भरगामा प्रखंड क्षेत्र मे एक भी पार्क नही रहने के चलते लोगो को दूर अन्यत्र जाना पड रहा है । इस बीच समाचार लिखे तक तक क्षेत्र में कहीं किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं घटी थी। भरगामा पुलिस दिनभर गश्ती करते हुए काफी चौकस रही।

# वोट की गिनती में धांधली का आरोप लगा किया हंगामा

## भागलपुर के बरारी में वार्ड पार्षद के समर्थकों ने मचाया बवाल

**दैनिक शुभ भास्कर गौतम सुमन गर्जना**



भागलपुर : जिले के बरारी थाना क्षेत्र स्थित वार्ड संख्या 26 में शनिवार की रात में दो पक्षों में झड़प में हो गया.इस झड़प के बाद वार्ड पार्षद के चुनाव के रिजल्ट में धांधली को लेकर हुआ.वार्ड 26 से हारे हुए वार्ड पार्षद के सैकड़ों समर्थकों ने प्रशासन के खिलाफ घंटों नारेबाजी की.देखते ही देखते वार्ड 26 का माहौल काफी संवेदनशील हो गया.सैकड़ों की संख्या में जुटे महिला पुरुष समर्थकों की उग्र भीड़ की जानकारी मिलते ही मौके बरारी थाना व सीआईटी की टीम पहुंची.पुलिस ने भीड़ पर हल्का बल प्रयोग किया उसके बाद लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया गया. पार्षद प्रत्याशी निर्मला देवी ने गिनती में धांधली का लगाया आरोप : पूरी भीड़ हारे हुए प्रत्याशी निर्मला कुमारी के समर्थक के रूप में इकट्ठी हुई थी.समर्थकों का आरोप है कि वोट में गिनती के दौरान गड़बड़ी कर उनके प्रत्याशी को हरा दिया गया है.वहीं प्रत्याशी ने बताया कि मुझे सिग्नेचर करने बोला गया है और गिनती भी मैं नहीं लिख पाई थी और मुझे बोला गया कि आप हार चुकी हैं.जब हमलोगों ने दोबारा गिनती करने की बात कही तो हमलोगों को वहां से धक्का मार के निकाल दिया गया. पार्षद प्रत्याशी निर्मला कुमारी ने यह भी बताया कि यह सभी मेरे समर्थक हैं,जिनकी मांग है कि फिर से वोटों की गिनती किये जाएं. उन्होंने कहा कि हमलोग जिलाधिकारी से मिलकर इस मामले में उनसे न्याय की गुहार लगाएंगे.गौरतलब हो कि वार्ड 26 से प्रीति देवी की जीत हुई है।

# बीडीओ नें बिकास मित्रों के साथ की बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर सीवान/ अनीश कुमार ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

दरौंदा प्रखंड मुख्यालय स्तिथ आई टी भवन मे रविवार कों बीडीओ दिनेश कुमार सिंह नें बिकास मित्रों के साथ समीक्षा बैठक किया. जिला अधिकारी के निर्देश पर विकास मित्रों को आवंटित विभागीय योजना एवं कार्यों की प्रगति क्रियान्वयन के बारे में बताई गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताए कि कार्य में लापरवाही नहीं बरती जाएगी। बैठक में विकास मित्र द्वारिका राम अरविंद कुमार समेत सभी क्रमी मौजूद रहें।

# राजेश्वरी में संतमत सत्संग सह प्रवचन कार्यक्रम को हुआ आयोजन

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर,छातापुर, सुपौल**



जिले में छातापुर प्रखंड के राजेश्वरी पूर्वी वार्ड संख्या 12 स्थि प्रखंड प्रमुख आशिया देवी के आवास पर रविवार को संतमत सत्संग सह प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नववर्ष के उपलक्ष्य मे प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम मे रघुनाथपुर आश्रम के पुज्य गोनर बाबा सहित कई साधु संतों का आगमन हुआ और संतमत के मतावलंबी भारी संख्या मे शामिल हुए। सत्संग सह प्रवचन, भजन, स्तुति, विनती, प्रार्थणा का दौर चलता रहा, इस अवसर आयोजित भंडारा मे सैकड़ों भक्त जन शामिल हुए। वही लोगो ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। संतमत के अनुयायी व प्रखंड प्रमुख के पति डा. सरयूग दास ने बताया कि बीते दो दशक से प्रत्येक साल नववर्ष के उपलक्ष्य में उनके आवास पर सत्संग सह प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसको लेकर इसबार भी यह आयोजन वृहद पैमाने पर किया गया। प्रमुख आशिया देवी ने कहा कि नववर्ष के दिन अध्यात्मिक व धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन से मन को सुकून मिलता है और सालभर इलाके मे शांति बनी रहती है।

# भरगामा पुलिस ने नववर्ष मे शांति व्यवस्था कायम करने को लेकर वाहन गश्ती तेज

**दैनिक शुभ भास्कर भरगामा / अररिया**



भरगामा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहे पर नव वर्ष के मद्देनजर शांति व्यवस्था कायम करने को लेकर गस्ती किया तेज। बताते चलें कि वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार मध निषेध का उल्लंघन करने वाले पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। वाहन जांच के क्रम में आते जाते वाहनों के डिक्की की सघन तलाशी ली गई एवं संदिग्ध गतिविधि वाले लोगों की तलाशी ली गई और पूछताछ की गई। शराब पीकर सार्वजनिक जगह पर हुड़दंग मचाने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं क्षेत्र के जिलेबिया मोड़ जयनगर मोड़, सुकेला मोड़, खजूरी, रेशम लाल चौक पर वाहन गति तेज कर आते जाते वाहन चालकों की सघन तलाशी ली गई। वही वाहन गश्ती अभियान में एसआई उमाकांत राय, एसआई कारे पासवान, एएसआई कुलदीप कुमार, एएसआई संजय कुमार एवं सशस्त्र बल जवान शामिल रहे।

# शतरंज प्रतियोगिता का होगा आयोजनःवर्षो बाद खिलाड़ियों को अपना प्रतिभा दिखाने का मिलेगा मौका

**दैनिक शुभ भास्कर गौतम सुमन गर्जना**




भागलपुर : जिले में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है.यह प्रतियोगिता 14 और 15 जनवरी को शहर के एक निजी होटल में आयोजित किया जाएगा. दरअसल, जिले में कई वर्षों से शतरंज खेल नहीं हो रहा था.लेकिन इस कमिटी का गठन किया गया है.युवाओं को इस खेल में रुचि तो है लेकिन प्लेटफार्म नहीं मिलने कारण शहर के युवा खेल में आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं. युवाओं को एक अच्छा प्लेटफार्म मिले इसके लिए एशोसिएशन प्रयास कर रही है. 13 जनवरी तक ले सकते हैं भाग : शतरंज में भाग लेने वाले खिलाड़ी 13 जनवरी तक ले सकते हैं. प्रतियोगिता में भागलपुर की पांच टीमें भाग लेंगी.टीम भाग लेने के लिए 8210838385 पर सम्पर्क कर सकते हैं. 2002 के बाद से शतरंज के अध्यक्ष नहीं थे, जिसके कारण यहां के खिलाड़ियों को न मौका मिला और न ही खेलने के लिए प्लेटफार्म मिल पाया.एसोशिएशन का गठन कर दिया गया है.उसके बाद जिले में शतरंज के खेल का अयोजन किया जा रहा है. चयनित खिलाड़ियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण : भागलपुर में जिला स्तर पर खेल में चयनित खिलाड़ियों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा.इसके लिए 16-18 जनवरी तक निशुल्क प्रशिक्षण शिविर भी लगाया जाएगा.खेल का उद्घाटन 14 जनवरी को किया जाएगा. चयनित खिलाड़ी स्टेट चेम्पियनशिप में लेंगे भाग : जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ी राज्य स्तर में भाग लेंगे. राज्य स्तर का खेल भी 20 - 22 जनवरी तक भागलपुर में ही आयोजित की जाएगी.इसमें चयनित खिलाड़ी 10 फरवरी को केरल में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में भाग लेंगे. उक्त आशय की जानकारी शतरंज एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ॰अजय कुमार सिंह ने दी।

# सेवानिवृत्त हुए जलालपुर डाकघर के उप डाकपाल

**दैनिक शुभ भास्कर जलालपुरे सारण/अखिलेश्वर पाण्डेय/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**




जलालपुर बाजार उप डाकघर के डाकपाल रंजीत कुमार सिंह का विदाई सह सम्मान समारोह डाकघर के सभागार में संपन्न हुओ सेवानिवृत्त होने के बाद रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि मैंने अपने 35 वर्षों के कार्यकाल में यही सीखा है कि डाकघर का काम पेंडिंग नहीं रखेंगे तो विभाग एवं ग्राहक भी हमेशा खुश रहेंगे तथा आप भी मेरे जैसा विभाग से निदाग सेवानिवृत्त होंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश्वर कुंवर ने कहा कि अधिकारी अथवा कर्मचारी को काम करने में 18 वर्ष की जोश और निर्णय लेने में तथा कलम चलाने में 60 वर्षों की तजुर्बा रखनी चाहिऐ जलालपुर कर्मचारियों को डाकघर की विश्वसनीयता कायम रखने का प्रयास करने चाहिऐ डाकघर के सभी कर्मचारियों ने माला ,शाल गीता एवं अंगवस्त्र देकर सेवानिवृत्त हो रहे रंजीत कुमार सिंह के खुशहाल भविष्य की कामना की समारोह में मुस्तफा हुसैन, सरदा रंजन, सत्येंद्र कुमार तिवारी, तरुण कुमार सिंह ,विनोद कुमार साह, बबलू कुमार सिंह ,अजीत कुमार राम, शिवनाथ राय, मनीष कुमार सिंह ,राजीव रंजन सिंह, संजीव कुमार, राकेश मोहन,सनत तिवारी, राजेंद्र तिवारी ,श्री निवास सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# भरगामा के सिरसिया कलां मे रजक युवा महासंघ का गठन

**दैनिक शुभ भास्कर भरगामा / अररिया**



भरगामा प्रखंड के सिरसिया कलां में रजक युवा महासंघ का गठन किया गया जिसमें रजक समाज के हक हकूक की बातें की गई। रजक समाज के लोगों को सरकार द्वारा दिए गए योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पाता है जिस कारण से हर लाभ से रजक समाज के लोग वंचित रह जाते हैं। आज सिरसिया कलां के वार्ड संख्या 4 में रजक समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित होकर रजक युवा समाज का गठन किया। रजक समाज के अध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि सभी कार्यों में हम लोगों को हाशिए पर रखा जाता है जिसको लेकर हम लोगों ने रजत युवा महासंघ का गठन किया है ताकि हम लोगों को भी समान अधिकार मिल सके। इस मौके पर नरपतगंज विधायक जयप्रकाश यादव अररिया भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सुराणा, सुधीर भगत, एडवोकेट संजीव कुमार यादव, रजक युवा महासंघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार रजक, सचिव मनजीत कुमार रजक, कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार रजक, उपाध्यक्ष राजकिशोर उर्फ कुंदन रजक मौजूद थे। वही सिरसिया कला पंचायत के उप मुखिया रंजय कुमार राय, डीजल वितरण प्रभारी राकेश कुमार रजक, मोहनलाल माधुर्य ज्योतिषाचार्य, संजीत कुमार, मिथिलेश कुमार, अखिलेश कुमार, सुरेश कुमार मौजूद थे।

## क्षेत्र हो रहा खंडहर में तब्दील

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो रिपोर्ट किशनगंज**

किशनगंज जिला के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत पौआखाली थाना क्षेत्र के कई जगहों पर धड़ल्ले से मिट्टी का उत्खनन जारी है और इसकी कोई सुध लेने वाला नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ईंट भट्ठा में ईंट बनाने का सीजन आते ही अधिक से अधिक उत्खनन का मामला प्रकाश में आता है और देखते ही देखते क्षेत्र खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। तस्वीरों में आप देख पा रहे हैं कि किस तरीके से मिट्टी का उत्खनन जारी है और उसमें ट्रैक्टर भी खड़ी है जो आपको हल्की-हल्की नजर आ रही होगी क्योंकि मिट्टी का उत्खनन इतनी गहराई से हुआ है कि ट्रैक्टर भी नजर ठीक से नहीं आ पा रहा है।ऐसा नजारा कई जगहों पर देखने को मिल जाएगा। ठाकुरगंज प्रखंड के कई जगहों पर उत्खनन जारी है और खनन माफिया अपना जेब कर्म करने के चक्कर में सरकार के राजस्व में प्रतिदिन लाखों रुपए की क्षति करते



हुए क्षेत्र को खंडहर बनाने में तुले हैं और देखते ही देखते खेती युक्त जमीन भी अब खत्म होती नजर आ रही है।खनन विभाग को चिन्हित कर ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने की आवश्यकता है ताकि क्षेत्र खंडहर होने से बच सके और खेतिहर जमीन भी बची रहे।

## आधा घंटा में पिज्जा पहुंचाने के चक्कर में डिलीवरी व्वाय की हुई मौत

### भागलपुर में हुआ सड़क हादसा,एक की मौत

**दैनिक शुभ भास्कर भागलपुर /गौतम सुमन गर्जना**

भागलपुर : जिले के जीरोमाइल थाना क्षेत्र स्थित सबौर रोड में सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई.युवक पिज्जा पहुंचाने इंजीनियरिंग कॉलेज के वीआईपी लॉज जा रहा था. तभी अज्ञात वाहन के द्वारा उसे धक्का मार दिया गया.युवक पूरी तरह से जख्मी हो गया था. पुलिस के द्वारा उसे रात में मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया.इस युवक की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई.युवक बाथ थाना क्षेत्र के करहरिया गांव के रहने वाले वीरेंद्र



सिंह का पुत्र सचिन कुमार है. सचिन का ग्रुप डी का बन गया था रिजल्ट : सचिन का ग्रुप डी में रिजल्ट बन गया था. वह एक माह से पिज्जा डिलवरी का काम करता था.वह रात में ही डिलीवरी पहुंचाने जा रहा था. इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही गाड़ी के चपेट में वह आ गया,जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया और इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई. आधा घंटा के अंदर पहुंचाना पड़ता है पिज्जा : विदित हो कि पिज्जा डिलवरी करने वालों को 30 मिनट के अंदर पिज्जा पहुंचना होता है.इसलिए भी तेज रफ्तार से गाड़ी चलाकर ये लोग जाते हैं।सचिन के साथी ने बताया कि हमलोगों को इतना जल्दी जाना होता है, इसलिए भी कभी-कभी हमलोगों को जान जोखिम में डाल कर पहुंचाना पड़ता है।

## बुढ़िया माई के मंदिर परिसर में हर रविवार की भांति इस रविवार को भी शिव चर्चा का आयोजन

**मांझी/सारण-मनीष पाण्डेय/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

प्रखण्ड के महम्मदपुर पश्चिम पट्टी स्थित सुप्रसिद्ध बुढ़िया माई के मंदिर परिसर में हर रविवार की भांति इस रविवार को भी ग्रामीणों के सहयोग से शिव चर्चा का आयोजन किया गया। शिव चर्चा में भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे तथा शिव चर्चा समापन के बाद विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया गया। जय बुढ़िया माई मानस मंडली के संचालक व ब्यास दिलीप साहनी ने हर भोला हर भोला, भोला भोला हर हर, हर शिव हर शिव, शिव शिव हर हर गाकर श्रोताओं का मन मोह लिया उसके अलावा गायक भीमलाल यादव ने भगवान भोलेनाथ व माँ पार्वती की विवाह प्रसंग की सांगीतिक प्रस्तुति कर दर्शकों को भाव बिभोर कर



दिया। उक्त कार्यक्रम में मनीष तिवारी मनबोध सिंह निराला हरेन्द्र सिंह निखिल सिंह बब्लू बाबा आदि मौजूद रहे।

## कार ने एक साइकिल सवार को टक्कर मार किया जख्मी

**एकमा/सारण -मनीष पाण्डेय मिन्टू/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

छपरा-सिवान मुख्य मार्ग के एनएच 531पर स्थित एकमा थाना के पूरब एक तेज रफ्तार कार ने एक साइकिल सवार व्यक्ति को टक्कर मार कर जख्मी दिया। दुघर्टना के दौरान साइकल कार के बम्फर में फस गया और घसीटते हुए वाहन चालक कार लेकर भाग निकला ।दुर्घटना के बाद आसपास के लोगो ने घटना देख दौड़े तो कार चालक साईकल समेत वाहन लेकर भाग निकला। हालांकि जब कार के अगला चक्का जब पूरी तरह से जाम हो गया तो कार चालक ने नन्दलाल सिंह कॉलेज जैतपुर के समीप सड़क पर वाहन छोड़ फरार हो गया। इस दौरान करीब दस



किलोमीटर तक साइकिल कार के साथ घसीटता रहा जिसमे साइकिल बुरी तरह से क्षतिग्रत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटना में जख्मी व्यक्ति दाउदपुर थाना क्षेत्र के बरवां गांव का एक अधेड़ व्यक्ति बताया जाता है जिसका प्राथमिक उपचार एकमा में चल रहा है। वही लोगो का कहना था कि दुघर्टना इतनी भयानक थी कि बचना मुश्किल था महल संयोग अच्छा था कि साइकिल सवार किसी तरह से बच गया। वही बाद में स्थानीय लोगो ने घटना की सूचना दाउदपुर थाना पुलिस को दिया जहा पुलिस ने पहुच घटना की जानकारी ली और कार को जब्त कर थाने लाई और जब्त वाहन की कागज की जांच पड़ताल कर रही है।

## नववर्ष को लेकर पर्यटक स्थल पर दिखा उत्साह

**दैनिक शुभ भास्कर /अनिल कुमार**

मोहनपुरः नववर्ष आगाज होते ही रविवार की सुबह से त्रिकुट पहाड़, तपोवन, नंदन पहाड़ सहित विभिन्न पर्यटक स्थल पर म्यूजिक डांस के साथ सेलिब्रेशन किया गया । साथ ही अपने परिवार एवं दोस्त के साथ लोगों को पिकनिक मनाते देखा गया वहीं जगह-जगह पर बड़ी धूमधाम से नियर का सेलिब्रेशन कर लोगों ने



एक दूसरे को हैप्पी न्यू ईयर के साथ विश किए बताया जाता है कि 1 जनवरी को घर से बाहर पिकनिक मनाया जाता है और अपने परिवार के साथ भोजन ग्रहण कर काफी उत्साह मिलता है। वही दौरान देवघर शहर के सभी पर्यटक स्थल पर लोगों की भीड़ देखी गईं।

## पूर्व एमएलसी प्रत्याशी ने मरीजों के बीच किया कंबल का वितरण

**माँझी/सारण/मनीष पाण्डेय/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

नव वर्ष की पूर्व संध्या पर पूर्व एम एल सी प्रत्याशी व राजद नेता सुधांशु रजंन ने शनिवार की रात्रि माँझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों एवं असहायों को कंबल वितरित किया। कड़ाके की ठंड में रोगी और असहाय कंबल पाकर गदगद हो गए ।इस अवसर पर श्री रजंन ने कहा कि गरीबों की सेवा करने से बड़ा पुनीत कार्य कोई नहीं है।

हर वर्ग के लोगों को गरीब जनता की सेवा करने के लिए आगे आने की जरूरत है। कड़ाके की ठंड से किसी की मौत न हों, इसके लिए गरीबों को कंबल वितरित किया जाना अति आवश्यक है। पीड़ितों की मदद किया हूं, सदैव करता रहूंगा। आज के



परिवेश में भावना से समाज के उत्थान और विकास में सहयोग करने की जरूरत है। क्योंकि जिले में अधिकांश गरीब तबके लोग निवास करते हैं। सैकड़ों गरीबों को कंबल वितरित करते हुए राजद नेता ने अंतिम सांस तक पीड़ितों की मदद करने का संकल्प लिया। कंबल वितरण में स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर वरुण कुमार की मौजूदगी में कफील मुमताज, परवीन कुमार, राजन मिश्रा, मनोज कुमार सिंह, सोनू यादव, इंद्रजीत सिंह, सहित बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

## सारण जिलाधिकारी ने 5 जनवरी तक स्कूल बंद करने का निर्देश दिया



**दैनिक शुभ भास्कर छपरा/सारण/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

समाहरणालय सारण सूचना एवं जनसंपर्क शाखा प्रेस विज्ञप्ति से मिली जानकारी के अनुसार कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर के प्रभाव को देखते हुए जिला पदाधिकारी सारण श्री राजेश मीणा ने जिला के सभी निजी एवं सरकारी विद्यालयों को 2 जनवरी से 5 जनवरी 2023 तक बंद रखने का आदेश निर्गत कर दिया है।जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सारण।और वहीं उन्होंने ठंड से खुद की बचाव कर रहने के लिए आग्रह किया।

## पालीगंज में मद्ध निषेध पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**दैनिक शुभ भास्कर पालीगंजः- संवाददाता वेद प्रकाश**

पालीगंज/ नएवर्ष के अवसर पर शांति ब्ययवस्था कायम करने को लेकर रविवार की शाम स्थानीय बाजार में मद्ध निषेध पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। जानकारी के अनुसार नए वर्ष के आगमन के अवसर पर इलाके में जश्न का माहौल रहता है। कही कही जलसा तो कही महफिल भी सजाई जाती है। जिसके कारण कुछ इलाके में अशांति भी फैल जाती है। जिसे देखते हुए रविवार को शराबियों पर नकेल कसने के लिए मद्ध निषेध पुलिस ने मद्ध निषेध के अधीक्षक अभय मिश्रा के नेतृत्व में पालीगंज बाजार में फ्लैग मार्च निकाला। यह मार्च पूरे बाजार की सड़कों से होकर गुजरी। जिससे शराबियों व शराब कारोबारियों के बीच हड़कम्प मच गया। वही मद्ध निषेध के अधीक्षक अभय मिश्रा ने



जानकारी दिया कि अलग अलग जगहों से सात शराबियों को गिरफ्तार किया गया है। मौके पर मद्ध निषेध के कमांडेंट ललन पांडेय व थानाध्यक्ष दीपक कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद था।

## नववर्ष के अवसर पर गरीबनाथ महादेव मंदिर में अष्ट्याम संकीर्तन का आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर झंझारपुर। मधुबनी**

नव वर्ष के अवसर पर झंझारपुर अनुमंडल क्षेत्र के अररिया संग्राम स्थित बाबा गरीब नाथ महादेव मंदिर परिसर में अष्टयाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन से संपूर्ण अररिया गांव एवं आसपास के गांव में भक्तिमय माहौल बन गया है। नववर्ष के आगमन से पूर्व शनिवार को अष्टयाम प्रारंभ किया



गया। जबकि समापन रविवार दोपहर में किया गया। अष्टयाम के आयोजन में संपूर्ण ग्रामीणों का सहयोग देखा गया है। महात्मा टुनटुन ब्रह्मचारी की अगुवाई में कार्यक्रम का आयोजन चल रहा था। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से सहयोग कर रहे पंडित चंद्र कांत झा लाल साहब एवं चरित्र महतो को गौतम झा ने मिथिला पेंटिंग जरीत पाग पहना कर सम्मानित किया । इस कार्यक्रम की सफलता में किशोर कुमार झा, अररिया संग्राम पंचायत की मुखिया ज्योति कुमारी, चंदन झा, सतीश झा, सतीश मिश्रा, ललन झा, दिलीप मिश्र, गौतम झा, गौरी यादव, प्रकाश पासवान, रामधुनी यादव, कपिलेश्वर भंडारी आदि का योगदान देखा गया।

## जयप्रभा सेतु चेकपोस्ट पर उत्पाद विभाग की टीम ने रविवार को बीस शराबियों को किया गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर मांझी/सारण/मनीष पाण्डेय/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

माँझी के जयप्रभा सेतु चेकपोस्ट पर तैनात उत्पाद विभाग की टीम ने रविवार एक जनवरी को जबरदस्त अभियान चलाकर बीस से अधिक शराबियों को गिरफ्तार कर लिया। इस आशय की जानकारी देते हुए चेकपोस्ट पर तैनात उत्पाद विभाग के एएसआई सियाराम साह ने बताया कि रविवार को विशेष अभियान चलाकर बीस से अधिक शराबियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार शराबियों को सोमवार को जुमार्ने की रकम जमा करा कर रिहा कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि लगातार जांच अभियान चलाए जाने के कारण यूपी में शराब पीने जाने वाले शराबियों की संख्या घटी है। हालाँकि नये साल का पहला दिन होने के



कारण रविवार को गिरफ्तार शराबियों की संख्या में इजाफा हुआ है। उन्होंने बताया कि अब स्कैनर मशीन से वाहन जांच के अलावा सीसीटीवी कैमरे से चेकपोस्ट की निगरानी की जा रही है।

## मधुबनी जिले के बाबूबरही प्रखंड मुख्यालय से सटे मुरहदी पंचायत के छोटा सा गांव है बलाटी

**दैनिक शुभ भास्कर लदनियां / संवाददाता**

जिस गांव में आजादी के 75 वर्षों के बाद भी विकास अछूता है। मुरहदी पंचायत के बलाटी गांव वार्ड संख्या-3 की आबादी महज आठ सौ के लगभग है। उक्त गांव तीन तरफ से नदी से घिरा है। गांव के दक्षिण में कमला, पूरब में बालन एवं पश्चिम में सोनी नदी बहती है। गांव में पक्की सड़क एवं स्वास्थ्य उपकेंद्र की तो बात दूर है प्राथमिक शिक्षा के लिए भी बच्चों को दूर दराज जाने पड़ते हैं ।लोग प्राथमिक उपचार भी गांव में नहीं करा सकते।

जैसा कि बलाटी गांव वासियों का कहना है कि क्षेत्रीय विधायक व पूर्व मंत्री स्व. कपिलदेव कामत ने देस आजादी करीब 65 वर्षों के बाद अपने विधायक काल में गांव के पूरब बालन नदी पर पुल बनबा कर बाबूबरही प्रखंड मुख्यालय से जोड़



दिया। उक्त गांव के पश्चिम सोनी नदी पर पुल निर्माण नहीं होने से लोगों को आवागमन का एक मात्र चचरी पुल सहारा है। बाबूबरही प्रखंड मुख्यालय से मुरहदी पंचायत के बलाटी गांव होकर गुजरने वाली मुख्य सड़क बख्साही, बेला, चन्दरडीह, चतरा होकर खजौली, लदनियां एवं जयनगर को जोड़ती है। बलाटी गांव के पास सोनी नदी पर पुल एवं सड़क पक्की निर्माण नहीं होने से 15 किमी करीब अधिक दूरी तय करने के बाद खजौली एवं जयनगर जाने पड़ते हैं। मुख्यमंत्री के अलावा क्षेत्रीय सांसद एवं विधायक को बार बार ध्यान आकृष्ट कराया गया। बिडंबना है कि लोगों के शिकायत के बाद भी सरकार लोकहित में अभीतक कोई ऐसा प्रभावकारी कदम नहीं उठा सकी है।

## लदनियां प्रखंड के पद्मा चौक के समीप राजकीय नलकूप करीब चार दशक से बन्द

**दैनिक शुभ भास्कर लदनियां / संवाददाता**

शिकायत के बाद भी विभाग नलकूप को चालू कराने के प्रति गम्भीर नहीं है। सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जल-जीवन-हरियाली ड्रीम प्रोजेक्ट है। उक्त प्रोजेक्ट के तहत पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण, जल संचय के लिए पोखरा एवं कुंआ उड़ाही, पटवन के



लिए नहर व नाला उड़ाही एवं बन्द पड़े नलकूप को चालू कर सिंचाई सुनिश्चित करना है। पद्मा चौक के निकट सहित प्रखंड क्षेत्र के करीब दो दर्जन राजकीय नलकूप बन्द अर्सों से बन्द पड़े हैं। जिससे सिंचाई के लिए किसानों को भारी मशक्कत करने पड़ते हैं पटवन के अभाव में खेत में लगे फसल सुखाड़ के भेंट चढ़ जाते हैं। एक ओर सरकार खेती से किसानों को दुगुनी आमदनी की बात करती है। दूसरी ओर शिकायत के बाद भी विभाग बन्द पड़े नलकूप चालू करवाने के प्रति गम्भीर नहीं है।

## ड्यूटी के दौरान सेहत बिगड़ने कारण इलाज के दौरान हुई मौत पर पुलिस लाइन में जवान को दी गई गार्ड ऑफ ऑनर

**दैनिक शुभ भास्कर / भागलपुर गौतम सुमन गर्जना**

भागलपुर : जिले के पुलिस लाइन में जवान संदीप बेसरा को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया.संदीप की देर रात पुलिस लाइन में अचानक तबियत खराब हो गई.रात में ही उसे इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया. इलाज के दौरान जवान की मौत हो गई.मौत के बाद मृतक पुलिस जवान को पुलिस लाइन में गार्ड ऑफ ऑनर के साथ-साथ सलामी दी गई. झारखंड स्थित दुमका का रहने वाला था जवान : मृतक सिपाही दुमका जिला का रहने वाला था. देर रात में अचानक पुलिस लाइन में उनकी तबीयत बिगड़ गई.जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा अस्पताल में भर्ती कराया गया था.यहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई.मौत के बाद पुलिस लाइन में शोक की लहर दौड़ गई. वहीं मृतक के



परिवार को इसकी सूचना दी गई.जिसके बाद परिवार वाले अस्पताल पहुंच गए.परिवार वालों का रो - रोकर बुरा हाल है.तत्पश्चात परिजनों के सामने पोस्टमार्टम कराया गया. वहीं, गार्ड ऑफ ऑनर के बाद पार्थिव शरीर को परिजनों को सौंप दिया गया. इस दौरान सार्जेंट मेजर कृष्णा शर्मा व लाइन के पुलिस कर्मी शामिल थे।

# टेसजुरिया पिकनिक स्पॉट को कर रहा है आकर्षित,नववर्ष के स्वागत को लेकर तैयार है पिकनिक स्पॉट

**जामताड़ा दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो सेख समीम**

नाला प्रखंड का प्रसिद्ध पिकनिक स्पोर्ट पहुंचते हैं। सर्दी का मौसम आते ही लोग पिकनिक मनाने को लेकर उतावले रहते हैं और एक अच्छे पिकनिक स्पॉट को खोजते हैं प्राकृतिक सुंदरता तथा स्वच्छ हवा-पानी का हर कोई दिवान 25 दिसंबर से जनवरी के अंत तक पिकनिक मनाने व सैर करने वालों का जमघट लगता है। नाला टेसजुरिया सेला नदी का जमावड़ा लगे हुए है। नए साल के स्वागत में प्रत्येक वर्ष शिलानदी टेसजुरिया का तट प्राकृतिक सौन्दर्य के कारण लोगो को आकर्षित करता है। शिलानदी के दोनो और जंगल के



बीचों-बहती नदी की धारा लोगो को आकर्षिक करती है। दोनो और जंगल की बादियॉ,नदी की किलकिलाती धारा का वहाव, पत्थर से टकराकर और रोचक बना देता है। साथ ही नदी के बीचों-बीच पत्थर से घिरा होने के कारण और से आकर्षित करता है। हर साल नववर्ष पर शिलानदी के तट पर पिकनीक के लिये लोगो को पहले से ही जगह देखनी पड़ती है। नाला प्रखंड के पिकनीक स्पॉट में यही एक स्थान है जो प्रकृति के गोद मे बसा है। शिलानदी पर नाला एवं फतेहपुर प्रखंड के करजोड़ी बमंडीहा टेसजुरिया कालीपत्थर ,देवली सहित दर्जनो से अधिक गांव के बच्चे, बुढ़े, जवान, महिला पुरुष सभी यहां पहूॅचते हे। अंग्रेजी नववर्ष से ही महिने भर लोग अपने परिवार के साथ पिकनीक स्पॉट पहूॅचते है।

# नाला प्रखंड से सिर्फ चार किमी के भीतर एक अनोखा पिकनिक प्लेस



**जामताड़ा दैनिक शुभ भास्कर नाला प्रखंड से जगबंधु की रिपोर्ट**

नाला ( जामताड़ा ): नाला प्रखंड का प्रसिद्ध पिकनिक प्लेस मालंचा पहाड़ जहा हर साल के भाती इस बार भी लोगो का हुजूम देखने को मिला , जहां बड़े बुजुर्ग से लेकर परिवार के साथ सभी वर्ग का लोगो का बन भोज का आनंद लिया ।खास कर मां मालंचा पहाड़ एक प्रसिद्ध स्थान होने के नाते और ऊपर से पहाड़ जंगल के प्रकीतिक रूप से सजा हुआ स्थान के लिए और संदर्ज को बढ़ाता है, नाला प्रखंड के पिकनिक प्लेस में इस जगह जो प्रकृति के गोद में बसा है। मां मालंचा पहाड़ में नाला प्रखंड के लग भग गांव से यहां पहुंचते है।

# 21 दिन से लगातार झारखंड राज्य आजीविका कैडर संघ का पीआरपी एवं बीएपी अनिश्चतकालीन धरने प्रदर्शन में

**दैनिक शुभ भास्कर अब्दुल रजाक रिपोर्ट**

कुंडहित (जामताड़ा):झारखंड राज्य आजीविका कैडर संघ का बैनर तले प्रदेश के 24 जिलों से झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी के अंतर्गत पीआरपी एवं बीएपी अपने चार सूत्री मांगों को लेकर पिछले 21 दिन से राजभवन के समीप जाकिर हुसैन पार्क में अनिश्चितकालीन धरने प्रदर्शन पर अड़े है। इस संदर्भ में संघ के प्रदेश सचिव मुस्तकीम रजा से बात हुई उन्होंने बताया कि सरकार आपके द्वार पहुंच कर गरीबो को समाज के अंतिम व्यक्ति को लाभ देने का कार्य कर रही है लेकिन आज हमारा संघ का 1200 परिवार राजभवन के समीप 21 दिन से इस कड़ाके की ठंड में जिनमे अधिकांश महिलाएं है और साथ मे छोटे छोटे बच्चों को लेकर धरना प्रदर्शन पर बैठे है और ये वही नारी शक्ति है जिसके दम पर गरीब



ग्रामीण महिलाओं को शशक्तिकरण का पाठ पढ़ाने आजीविका का हुनर सिखाने के लिए अपना जीवन न्यौछावर किये हुए है और आज सरकार के द्वार पर 1200 परिवार अपनी आजीविका को बचाने के लिए जद्दोजहद कर रही है लेकिन सरकार, विभाग, और पदाधिकारी नुतनवर्ष के मस्ती में चूर हैं कार्यकर्ता भले रोड में न्याय की गुहार लागते रहे लेकिन किसी को सुध लेने तक का समय नही है। साथ ही प्रदेश के पीआरपी एवं बीएपी का कहना है कि जब तक हमारी चार सूत्री मांग को सरकार, विभाग पूरा नही करते तब तक यह प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रदर्शन में प्रदेश मीडिया प्रभारी कार्तिक कुमार, दीपक कुमार पलामू प्रमंडल अध्यक्ष बसंत यादव सभी जिला के जिला पदाधिकारी और पीआरपी एवं बीएपी उपस्थित थें।

# टावर चौंक के पास लहरा रहे देशी कट्टा के साथ दो युवक गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर देवघर संवादाता**



देवघर के नगर थाना क्षेत्र स्थित टावर चौंक के पास देशी कट्टा के साथ दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार की देर रात नगर थाना पुलिस को यह गुप्त सूचना मिली कि टावर चौंक के पास एक बाइक पर सवार दो युवकों द्वारा हथियार लहरा कर लोगों को आतंकित किया जा रहा है। सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही दोनों युवक भागने का प्रयास करने लगे। जिसके बाद पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा। पकड़े गए युवकों की पहचान शहीद आश्रम रोड के रहने वाले सुधीर कुमार और जसीडीह के जोगिडीह के रहनेवाले नंदलाल गोस्वामी के तौर पर हुई है। पकड़े गए युवकों के पास से एक अवैध देशी कट्टा और एक बाइक बरामद किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# टीएमसी के स्थापना दिवस पर खोरीबाड़ी में कार्यक्रम

**दैनिक शुभ भास्कर खोरीबाड़ी ।कोलकाता**



तृणमूल कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस पर खोरीबाड़ी में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम के तहत खोरीबाड़ी पार्टी कार्यालय में पार्टी का झंडा फहराया गया । साथ ही रूरल अस्पताल में मरीजों के बीच कुछ खाद्य सामाग्री वितरित किया गया ।जानकारी देते हुये खोरीबाड़ी तृणमूल कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मुकुल सरकार ने बताया एक जनवरी को ही तृणमूल कांग्रेस पार्टी की स्थापना हुई थी ।मद्देनजर पार्टी की स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम के तहत सबसे पहले खोरीबाड़ी स्थित पार्टी कार्यालय में पार्टी का झंडा फहराया गया ।इस दौरान काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे । वही दूसरी और पार्टी की स्थापना दिवस के मौके पर खोरीबाड़ी रूरल अस्पताल में मरीजों के बीच खाद्य सामाग्री वितरित किया गया । खोरीबाड़ी तृणमूल युवा कांग्रेस के अध्यक्ष किशोरी मोहन सिंह ने बताया जनहित में कार्य करते हुये पार्टी की स्थापना दिवस के मौके पर रूरल हॉस्पिटल खोरीबाड़ी में चिकित्सारत मरीजों के बीच खाद्य सामाग्री वितरित किया गया । इस अवसर पर खोरीबाड़ी तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष मुकुल सरकार, प्रखंड युवा अध्यक्ष किशोरी मोहन सिंह, महिला अध्यक्ष अनिमा बनर्जी, महेश सिंह, उपासु सिंह, परिमल सिंह, अरिजीत देवनाथ सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# रोटरी सम्राट ने बांटे कंबल

**दैनिक शुभ भास्कर पटना / बिहार**

नए वर्ष में हाड़ कपा देने वाले ठंड से बचाव के लिए रोटरी पटना सिटी सम्राट ने आज अपने क्लब अध्यक्ष गोविंद चौधरी के नेतृत्व में पटना सिटी के बालकिशुनगंज मुहल्ले में कंबल का कार्यक्रम रखा, जहां जरूरतमंदो के बीच पांच सौ कम्बल का वितरण किया गया। मौके पर कार्यक्रम चेयरमैन मधुबाला पाल, सचिव अभिषेक चौधरी, चयनित अध्यक्ष मनोज कुमार, चार्टर अध्यक्ष विजय यादव, देवराज बल्लभ भूतपूर्व अध्यक्ष विनय लांबा, विनोद झुनझुनवाला, संजय सिन्हा, राजेश दीवान, सुनील केशरी, सुधीर प्रभात सरीखे वरिष्ठ सदस्यों ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए वर्ष की शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष गोविंद चौधरी ने प्रेस मीडिया को बताया कि -" रोटरी का मूलमंत्र खुद से बढ़कर मानवता की सेवा है, इसी मंत्र को



सामने रखकर हम अपने समाज के जरूरतमंदो की सेवा के लिए मुस्तैद रहते हैं, आज हमारी संस्था के द्वारा भीषण ठंड से बचाव के लिए पांच सौ कम्बल वितरित किया गया है। कम्बल वितरण को संचालित करने वाले सक्रिय रोटरी सदस्यों में मो नसीम, एहतेशाम हक, प्रमोद कुमार, रामकुमार, त्रिभुवन जी, जेपी पाल, राजकिशोर प्रसाद सरीखे दर्जनों रोटरी सदस्यों ने सहयोग किया।

# कांधीहाड़ सहित प्रखंड के तमाम पिकनिक स्पॉट पर उमड़ी सैलानियों का भीड़

**दैनिक शुभ भास्कर अब्दुल रज्जाक की रिपोर्ट**

कुण्डहित (जामताड़ा):प्रखंड क्षेत्र में नव वर्ष का स्वागत काफी धूमधाम एवं उत्साह के साथ किया गया। कहीं लोग पिकनिक मना कर स्वागत किया तो कहीं क्षेत्र के मंदिरों में पूजा अर्चना कर सुख, समृद्धि, संपन्नता, स्वास्थ्य, धन, यश, मान-सम्मान और उन्नति, प्रगति तथा विकास आदि के मन्नतें मांगे। कहा जाता है कि झारखंड भारत के उन राज्यों में से एक है । जिसको प्राकृतिक ने गोद लिया है । झारखंड में पिकनिक स्पॉट के लिए जगह का कमी नहीं है। कुण्डहित के कंधीहाड़ा शीला नदी के तट स्थित है। कांधीहाड़ा प्रखंड मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूरी खेड़ापाड़ा के समीप प्राकृतिक गोद में बसा है। वही प्रखंड क्षेत्र के बागडेहरी ,विक्रमपुर , मुड़ाबेढ़िया,अम्बा, सटकी, सुद्राक्षीपुर सहित विभिन्न गांव के ग्रामीण ज्यादातर नदी किनारे जलाशय के किनारे, डैम किनारे पिकनिक मनाते देखा गया।

नव वर्ष के अवसर पर युवा वर्गों ने प्राकृति के सौंदर्य नजारा पर एक से बढ़कर एक सेल्फी लेते दिखाई दिया ।कोई पत्थर के चट्टानों पर कोई नदी के कल-कल बहता पानी पर, तो कोई नदी के रेत पर, कोई सरसों के फूल के खेत पर सेल्फी लेते दिखाई दिया।

# नया वर्ष मे छात्रों नें मनाया पिकनिक,दर्जनों छात्रों नें उत्साहपूर्वक भोजन बना खाया

**मशरक (सारण ) धर्मेन्द्र सिंह/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**



मशरक प्रखंड अंतर्गत कई इलाको के गार्डेन मे हर्षोल्लास से साथ लोगो नें नया साल मुबारक हो, हैपी न्यू ईयर, बोलकर बधाई व शुभकामनाएं देने के लिए लोगो की मोबाइल पर लाइन लगी रही हैं वही आज रविवार को पढ़ने वाले छात्रों नें योजना बनाकर बगीचा मे पिकनिक मना नया साल मे जश्न मनाया, वही सभी छात्रो नें अपने हाथों से खाना बनाकर नया साल का मजा ले इजहार किया, मौके पर पिकनिक मनाने वालो मे विशाल कुमार, विवेक कुमार, प्रिंस कुमार, आदर्श कुमार आर्यन, अनिकेत,राहुल, अनीश गुड्डू सहित दर्जनों छात्रों नें गार्डेन मे पिकनिक मनाया

# नए साल पर श्याम भक्तों ने निकाला निशान यात्रा

**दैनिक शुभ भास्कर। मनीष बरणवाल।**

जामताड़ा। स्वागत 2023 यानी नए साल के स्वागत का उत्साह लोगों में देखने को मिल रहा है। लोग पिकनिक के मूड में हैं, लेकिन जामताड़ा में खाटू श्याम के भक्तों ने नए साल का जश्न मनाने का अनोखा तरीका अपनाया। श्रद्धालुओं ने जामताड़ा में हटिया शिव मंदिर से मिहिजाम रोड स्थित खाटू श्याम मंदिर तक गाजे बाजे के साथ निशान यात्रा निकाला। निशान यात्रा में सुसज्जित वाहन में बाबा श्याम का दरबार आकषर्क का केंद्र रहा। इस दौरान भक्त जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। निशान यात्रा में काफी संख्या में खाटू श्याम के भक्त और बच्चे झंडा लिए नाचते गाते निकले। निशान यात्रा शहर में भ्रमण करने के पश्चात



श्याम मंदिर में जाकर संपन्न हुआ। जहां श्रद्धालुओं ने खाटू श्याम भगवान की पूजा अर्चना कर नया साल मंगलमय बनाने की प्रार्थना की। खाटू श्याम को प्रशन्न करने के लिए भक्ति गीत गाए गये। श्रद्धालुओं ने नया साल मंगलमय हो और सबो के परिवार में खुशी हो और देश को कोरोना महामारी से मुक्ति पाए ऐसी प्रार्थनाएं कीं। वहीं कई लोगों ने मंदिरों में पूजा-पाठ कर नए साल का स्वागत किया। इस निशान पदयात्रा को सफल करने में संजय अग्रवाल, आनंद टिवरीवाल, सुभाष जटिया, प्रवीण अग्रवाल, ललित नरनोलिया, पवन महेश्वरी, चंदन परशुरामका, स्नेहा नरनोलिया, वसु जटिया, स्नेहा जटिया सहित काफी संख्या में श्याम भक्तों की भूमिका थी।

# स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता हैं : मनोरंजन घोष

**दैनिक शुभ भास्कर खोरीबाड़ी। कोलकाता**

चाय बागान क्षेत्र की स्थानीय महिलाओं को प्रोत्साहित करने के उद्धेश्य से दार्जिलिंग जिला पुलिस ने नक्सलबाड़ी में महिला फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया। इस टूनामेंट में नक्सलबाड़ी, फांसीदेवा, खोरीबाड़ी, विधाननगर और पानीघट्टा की कुल आठ टीमों ने भाग लिया । मोती स्पोर्टिंग क्लब बिधाननगर और रथखोला स्पोर्टिंग नक्सलबाड़ी का फाइनल मैच खालपारा ग्राउंड नक्सलबाड़ी में शनिवार को खेला गया । रोमांचक मुकाबले में रथखोला फुटबॉल अकादमी नक्सलबाड़ी ने 1 गोल किया और मोती स्पोर्टिंग क्लब बिधाननगर उपविजेता रहा। आयोजन में तीसरे स्थान का विजेता मलागछ फुटबॉल क्लब बिधाननगर और अंबेडकर फुटबॉल अकादमी



नक्सलबाड़ी ने चौथा स्थान हासिल किया। टूनामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मेनुका उरांव नक्सलबाड़ी (रथखोला फुटबॉल अकादमी) को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर पुनीता बैक, (मोती स्पोर्टिंग क्लब बिधाननगर) और सर्वोच्च स्कोरर प्रमिता पाहन (मलागछ फुटबॉल क्लब बिधाननगर) को दिया गया। इस दौरान कर्सियांग अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोरंजन घोष, नक्सलबाड़ी एसडीपीओ अचिन्त्य गुप्त, नक्सलबाड़ी सीआई सुदीप्त सरकार और विभिन्न थानों के ओसी सहित गणमान्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर कर्सियांग अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोरंजन घोष ने कहा की प्रतियोगिता के आयोजन से खेल के प्रति बढ़ावा मिलेगा । खेलकूद प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं में खेलों के प्रति आत्मविश्वास जागृत होती है तथा शरीर के साथ साथ मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता हैं । शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में आहार, खेलकूद एवं व्यायाम सबसे महत्वपूर्ण हैं ।खेलकूद के आयोजन से न केवल शारीरिक व्यायाम होता हैं बल्कि मानव को मानव से जोड़ने का काम भी करते हैं।

# नववर्ष पर गायत्री मंदिर में पूजन

**दैनिक शुभ भास्कर। मनीष बरणवाल। जामताड़ा।**

नववर्ष के उपलक्ष्य में मिहिजाम रोड गायत्री धाम मंदिर में पूजन और हवन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर मंदिर के प्रधान पुरोहित विपिन चौरसिया के द्वारा गायत्री मंत्र उच्चारण कर मां गायत्री का पूजन किया गया। मुख्य यजमान समाजसेवी तरुण कुमार गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी आशा गुप्ता की उपस्थिति में गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय जाप के साथ हवन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। विश्व के कल्याण के साथ-साथ जामताड़ा का कल्याण ,मानव जाति का कल्याण की कामना के साथ हवन की आहुति दी गई ।इस मौके पर मुख्य यजमान



तरुण गुप्ता ने कहा कि आज वर्ष का प्रथम दिन है और भगवान की आराधना के साथ-साथ विश्व के कल्याण और जामताड़ा की समग्र विकास के लिए जो आज हवन का कार्यक्रम किया गया, उससे पूरे वातावरण में धार्मिक स्वरूप प्रदान किया। इस मौके पर संपूर्ण गायत्री परिवार के लोगों ने अपने परिवार के साथ इस हवन कार्यक्रम में अपने मन की शुद्धि के साथ-साथ वातावरण की शुद्धि के लिए आहुति दी ।मौके पर गुड्डू बरनवाल और उनकी धर्मपत्नी ने आए हुए सभी गायत्री परिवार के लोगों का नए साल में शुभकामनाएं और बधाई देते हुए प्रसाद वितरण किया।

# देवजानी साधिका ने नीट परीक्षा में बेहतर परिणाम लाकर बढ़ाया गांव का मान

**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवालजामताड़ा**

जामताड़ा जिला अंतर्गत फतेहपुर प्रखंड के जामजोड़ी पंचायत की बेटी देवजानी साधिका, पिता- रिटायर्ड शिक्षक कंचन गोपाल मंडल को नीट-2022 की परीक्षा मे बेहतर परिणाम प्राप्त होने पर जे सी ई सी ई द्वारा आयोजित मेडिकल प्रवेश काऊनसेलिंग के प्रथम राउंड मे ही झारखंड के सरकारी मेडिकल कॉलेज, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल,पलामू में प्रवेश मिल गया है। होनहार, मेधावी बेटी देवजानी साधिका जामजोड़ी पंचायत



के ग्राम- बेलबोरोई की रहनेवाली है।अबतक इस पंचायत से एक ही डाक्टर (दंत चिकित्सक) बनी है, जो इस बेटी की बड़ी बहन वेदवानी बीथिका है। देवजानी साधिका को डाक्टर बनने की प्रेरणा उनकी बड़ी बहन और उनके माता पिता से मिला है। इनका पिता कंचन गोपाल मंडल सेवानिवृत शिक्षक -सह-साईंस फार सोसाईटी,जामताडा के सचिव है । देवजानी साधिका के एम बी बी एस कोर्स मे दाखिला मिलने से जामजोड़ी पंचायत की मुखिया प्रमिला मुर्मू ने ढेरों शुभकामनाएं दिया। मुखिया प्रमिला रविवार को देवजानी के घर पहुंच कर अपने हाथो से ह्वाइट कोर्ट (एपरन) पहनाया और सटेटिसकोफ( आला) प्रदान कर सम्मानित किया । मुखिया श्रीमती मुर्मू ने कहा की गांव की बेटी को मेडिकल कॉलेज में दाखिला होने पर मै अत्यन्त खुश हूं। मौके पर मुखिया पति संजय सोरेन,फकिर चन्द्र मंडल,तपन कुमार मंडल,मणि गोपाल मंडल, बामापद मंडल, कृष्णा मंडल, प्रियंका मंडल,चंदना मंडल, धरम मंडल आदि उपस्थित थे ।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737,प्रजापति पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।